Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 169 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, मंगलवार 24 दिसम्बर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रुपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



भारत देश आज अर्त की हवा में इतना बहक जा रहा है कि वह अपने अतीत के आदर्श भूलने जा रहा है।

Today, India is flowing in the air of materialism to such an extent that is forgettien the ideals of its glorious past.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## प्रधानमंत्री मोदी ने 71,000 युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र, कहा- भारत का युवा, नए आत्मविश्वास से भरा हुआ

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रोजगार मेला के तहत सरकारी विभागों और संगठनों में चयनित 71,000 से अधिक कर्मियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किया।

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, आज आपके जीवन की नई शुरुआत हो रही है। आपकी वर्षों की मेहनत सफल हुई है। 2024 का ये साल आपको और आपके परिजनों को नई खुशियां देकर जा रहा है। मैं आप सभी को बधाई देता हूं। पिछले दस सालों से सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थाओं में सरकारी नौकरी देने का अभियान चल रहा है। आज भी 71,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। बीते डेढ़ साल में करीब दस लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। ये अपने आप में रिकॉर्ड है। आज भारत का युवा, नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है। वो हर सेक्टर में अपना परचम लहरा रहा है। भारत के युवाओं की क्षमता और प्रतिभा का पूरा उपयोग हमारी सरकार की प्राथमिकता है।



उन्होंने आगे कहा कि अंतरिक्ष से लेकर रक्षा तक, पर्यटन से लेकर वेलनेस तक, आज भारत हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। राष्ट्र में सच्चा विकास सुनिश्चित करने के लिए हमें युवा प्रतिभा को निखारने की जरूरत है और यह जिम्मेदारी वास्तव में शिक्षा प्रणाली पर है। पहले पाबंदियों के कारण जो शिक्षा व्यवस्था छात्रों पर बोझ बन जाती थी, वो अब उन्हें नए विकल्प दे रही है। अटल टिंकरिंग लैब्स और आधुनिक पीएम श्री स्कूलों के जरिए बचपन से ही इनोवेटिव माइंडसेट को गढ़ा जा रहा है। आज यहां हजारों बेटियों को भी नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। आपकी सफलता दूसरी महिलाओं को प्रेरित करेगी। हमारा प्रयास है कि हर क्षेत्र में महिलाएं आत्मनिर्भर बनें।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगे कहा कि भाषा एक समय हाशिए पर रहने वाले समुदायों के लिए शिक्षा में एक महत्वपूर्ण बाधा थी। हालांकि हमने इस अंतर को पाटने के लिए अपनी नीतियों में क्रांति ला दी है। आज छात्र 13 भाषाओं में से किसी एक में परीक्षा देना चुन सकते हैं। भारत ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। हमें इस संकल्प पर भरोसा है इस लक्ष्य की प्राप्ति का विश्वास है। आज भारत का युवा नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है और वो हर सेक्टर में अपना परचम लहरा रहा है। आज हम दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं।

## छत्तीसगढ़ के 450 बेरोजगारों को पीएम मोदी ने सौंपा नियुक्ति पत्र

**रायपुर (विश्व परिवार)।** केंद्र सरकार के रोजगार मेले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वर्चुअली 71,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा. आरंग के ग्राम भिलाई स्थित सीआरपीएफ कैंप में आयोजित रोजगार मेला में केंद्रीय राज्य मंत्री (आवास एवं शहरी) तोखन साहू ने 450 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा।




इस दौरान अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, सीआरपीएफ अपर महानिदेशक अमित कुमार,डीआईजी अजय सिंह भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने सरकारी नौकरियों में चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि पहले ग्रामीण क्षेत्रों में मेले का आयोजन होता था, जिसमें लोग मेले का आनंद लेते थे। लेकिन देश में जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने है तब से देश में रोजगार मेला, आवास मेला, किसान मेला जैसे कई योजनाओं के लिए मेला का आयोजन किया जा रहा है। मोदी की गारंटी के तहत पूरे देश में विकास कार्य हो रहे है। युवाओं को रोजगार मिल रहा है, किसानों को समर्थन मूल्य पर फसलों की कीमत मिल रही है। साल 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया है और इस संकल्प को पूरा करना हम सबकी प्राथमिकता है।

## इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट : छत्तीसगढ़ को 15,000 करोड़ रुपये से अधिक के मिले निवेश प्रस्ताव



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में आज आयोजित इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में देश के प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने राज्य की नई औद्योगिक नीति 2024-30 की खूबियों को साझा करते हुए इसे निवेशकों के लिए बेहद अनुकूल बताया। कार्यक्रम में शामिल हुए प्रमुख उद्योगपतियों से छत्तीसगढ़ सरकार को 15,184 करोड़ के निवेश प्रस्ताव भी प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री साय ने निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ निवेश के लिए असीम संभावनाओं वाला राज्य है। हमारी नई औद्योगिक नीति उद्योगों को कर, भूमि, और बिजली में छूट के साथ-साथ सिंगल-विंडो क्लीयरेंस जैसी सुविधाएं देती है। यह नीति न केवल उद्योगों की स्थापना, बल्कि रोजगार सृजन पर भी जोर देती है।

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, ऊर्जा, खनन, और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। नई औद्योगिक नीति में विशेष सब्सिडी और प्रोत्साहन पैकेज शामिल हैं। डिजिटल सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 से सभी स्वीकृतियां और लाइसेंस प्राप्त करना आसान हो गया है। उद्योग विभाग द्वारा सब्सिडी जारी करने के लिए अधिकतम 3 स्तर और अधिकतम 7 दिनों की समय सीमा सुनिश्चित की गई है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि उद्योग स्थापित करने हेतु भूमि उपलब्ध कराने के लिए, न्यूनतम सरकार की अवधारणा के तहत निजी औद्योगिक पार्क को 30 प्रतिशत सब्सिडी देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ, उद्योगों के लिए रेडी और विकसित प्लॉट आवेदन के 60 दिनों के भीतर सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने बताया हम यह सुनिश्चित कर रहे कि उद्योग स्थापना एवं संचालन में सरकारी हस्तक्षेप न्यूनतम हो एवं यथासंभव सेल्फ सर्टिफिकेशन अथवा ऑनलाइन माध्यम से हो ताकि उद्योग हेतु आपको सरकार के पास आने की आवश्यकता ना हो। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने निवेशकों के सवालों का जवाब देते हुए भरोसा दिलाया कि छत्तीसगढ़ सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने राज्य में उपलब्ध बेहतर बुनियादी ढांचे, कुशल मानव संसाधन और शांतिपूर्ण माहौल के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में उपस्थित उद्योगपतियों द्वारा छत्तीसगढ़ की पहल की सराहना करते हुए निवेश की संभावनाओं पर सकारात्मक चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि यह इन्वेस्टर मीट छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार ने उद्योगपतियों से चर्चा करते हुए बताया कि खनिज संपदा और खानों के लिए प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ अब तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के विनिर्माण का एक प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है।

### बस्तर क्षेत्र में निवेश पर विशेष प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि बस्तर में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कोर सेक्टर की स्टील इकाइयों और अन्य उद्योगों को बड़ी राहत दी गई है। आयरन ओर पर 50त्न और कोयले पर 100त्न रॉयल्टी की छूट का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही, उद्योगों द्वारा चुकाए गए रॉयल्टी और राज्य को मिलने वाले सेस की प्रतिपूर्ति 15 वर्षों तक की जाएगी। इसके अलावा, ग्राम नियानार में 118 एकड़ भूमि पर एक नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### महापौर और अध्यक्षों का आरक्षण के लिए लॉटरी 27 दिसंबर को

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ के नगरीय प्रशासन विभाग ने आरक्षण की प्रक्रिया पूरी करने की तारीख का ऐलान कर दिया है। राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में इसी महीने के 27 दिसंबर यानी शुक्रवार को नगर पंचायत, नगरपालिका के अध्यक्षों और निगमों के महापौर पद के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### न्यायिक सेवा भर्ती : दिव्यांग आरक्षण में राज्य सरकार ने किया बदलाव, मिलेगा एक प्रतिशत आरक्षण

**रायपुर (विसं)।** न्यायिक सेवा में सीधी भर्ती में दिव्यांगों को दिए जाने वाले आरक्षण में राज्य सरकार ने बदलाव किया है। सरकार ने दिव्यांगों को 1 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की है। इसको लेकर बाकायदा राज्य सरकार की तरफ से नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है।

### कोमटपल्ली में माओवादीयों के सबसे विशाल स्मारक को किया गया ध्वस्त

**बीजापुर (विसं)।** बीजापुर के थाना तर्रेम अंतर्गत ग्राम-कोमटपल्ली में बने माओवादियों के सबसे विशाल स्मारक को सुरक्षाबलों ने ध्वस्त कर दिया है। यहां माओवादियों के कोर इलाके मे सुरक्षा बलो की धमक के बाद माओवादियों के द्वारा स्थापित 62 फिट ऊँचे स्मारक को ध्वस्त कर दिया गया।

## सीएम निवास घेरने निकली यूथ कांग्रेस को पुलिस ने वॉटर केनन से रोका



**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस ने सोमवार दोपहर मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की मौजूदगी और प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में युवा कांग्रेस ने बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री निवास का घिराव किया। सीएम हाउस घेरने युवा कांग्रेस ने गांधी मैदान से हल्ला बोलते हुए मुख्यमंत्री निवास की ओर बढ़े। कार्यकर्ताओं को बीच में ही पुलिस ने बेरीकेट पर रोक दिया। इस दौरान कार्यकर्ता और पुलिस के बीच में झड़प हो गई, फिर वाटर कैनन का प्रयोग किया गया। मुख्यमंत्री घेराव में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, विधायक बालेश्वर साहू, यूथ कांग्रेस प्रभारी शेषनारायण ओझा, महासचिव पूर्णचंद पाढ़ी आदि मौजूद रहे। युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा की आज भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर बढ़ते अपराध और बेरोजगारी के खिलाफ आज युवा कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ता मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने जा रहे हैं। आज जब मैं इस स्थल में आने के लिए निकला था तब मैंने देखा की जगह-जगह प्रशासन द्वारा रोकने के लिए घेराबंदी और नाकेबंदी कर रखी है। इससे यह साबित होता है कि यह सरकार युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से घबरा चुकी हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा की भाजपा सरकार के 1 साल पूरे होने पर प्रदेश में जगह-जगह अपराध बढ़ गए हैं। राजधानी रायपुर अब चाकूपुर के नाम से जानी जाती है। दिनदहाड़े सेंट्रल जेल के सामने गोली चल जाती है, कवर्धा में आम जनता की पुलिस द्वारा मार-मार कर हत्या कर दी जाती है। इन सभी के खिलाफ आज युवा कांग्रेस ने हजारों की तादाद में मिलकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया आने वाले समय में भी कांग्रेस पार्टी इसी तरह सरकार को घेरती रहेगी।

## नगरीय निकाय चुनाव के पूर्व हो सकता है मंत्रिमंडल का विस्तार!

**रायपुर (आरएनएस)।** उपचुनाव के नतीजा आने के बाद अब नगरीय निकाय चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। नगरीय निकाय चुनाव के पहले विधायकों के आलावा उनके समर्थकों में भी मंत्री मंडल में शामिल किये जाने की खलबली मची हुई है। राजनीति से जुड़े लोग भी अब कयास लगाने लगे हैं कि अब साय मंत्रिमंडल के विस्तार देर सबेर हो सकती है जिसकी सुगबुगाहट तेज हो गई है। चर्चा है कि निकाय चुनाव से पहले साय कैबिनेट में खाली दो मंत्री पदों पर नियुक्ति हो सकती है। बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद उनके खाली जगह को कौन भरेगा इस बात की चर्चा आम हो गई है चूँकि निगम चुनाव सर पर है ऐसे में रायपुर से चारों विधायक इस उम्मीद में बैठे हैं कि उनकी लाटरी लग सकती है।

## दपूम रेलवे के सिग्नल और दूरसंचार विभाग ने भारतीय रेलवे के सभी जोनों के बीच वर्ष 2023-24 के लिए अखिल भारतीय दक्षता शील्ड प्राप्त करके पाया सर्वोच्च स्थान

**रायपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने दिनांक 21 दिसम्बर, 2024 को भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित 68वें रेलवे सप्ताह पुरस्कार- अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह में भारतीय रेलवे के सभी जोनों के अखिल भारतीय प्रदर्शन दक्षता शील्ड जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोच्च सम्मान प्राप्त किया। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शील्ड प्रदान की। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महाप्रबंधक श्रीमती नीनू इट्टेयरा एवं प्रधान मुख्य संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर श्री सुरेश कुमार सोलंकी ने रेल मंत्री से शील्ड प्राप्त की.



प्रधान मुख्य संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर श्री सुरेश कुमार सोलंकी ने यह पुरस्कार संकेत एवं दूर संचार विभाग के सभी कर्मचारियों को समर्पित करते हुए कहा कि शील्ड हमारे कर्मचारियों के समर्पण और उत्कृष्टता की निरंतर खोज का प्रमाण है. दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को यह पुरस्कार वित्तीय वर्ष 2023-24 में किये गए महत्वपूर्ण कार्यों के संपादन के लिए मिला है. इसके अंतर्गत सभी जोनो के बीच, कुल 136. 25 किलोमीटर आटोमेटिक सिग्नलिंग का प्रावधान कर सर्वोच्च स्थान प्रदान किया। जिसके कारण एक ही सेक्शन में अधिक ट्रेनें चल सकती हैं, जिससे कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की अधिक ट्रेनों के परिचालन की क्षमता बढ़ गई है.

संकेत एवं दूर संचार विभाग द्वारा, इसी अवधि में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के 16 स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिग्नलिंग सिस्टम के प्रावधान द्वारा आधुनिकीकरण किया गया एवं रायपुर मंडल के अंतर्गत, तरोकी जैसे नक्सल प्रभावित नए स्टेशन में सिग्नलिंग सिस्टम का प्रावधान कर, इस क्षेत्र को भारतीय रेल की मुख्य धारा से जोड़ा गया है.

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लिए सड़क सुरक्षा हमेशा सर्वोपरि रहा है, इसी उद्देश्य को पूरा करते हुए 08 गेटों को सिग्नलिंग सिस्टम से जोड़कर, इन्हे सड़क का उपयोग करने वाले राहगीरों के लिए ज्यादा सुरक्षित बनाया गया.

इसके अलावा 11 स्टेशन में सिग्नलिंग सिस्टम में संशोधन कर इन्हे तीसरी एवं चौथी लाइन से जोड़ने का कार्य संकेत एवं दूर संचार विभाग द्वारा किया गया जिससे कि अधिक से अधिक ट्रेनों को चलाया जा सका है. श्री सुरेश कुमार सोलंकी ने सभी कर्मचारियों को अपनी इसी परंपरा का अनुपालन करते हुए आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाये प्रदान की है. उन्होंने इस शील्ड को न केवल कर्मचारियों अपितु उनके परिवार के प्रत्येक सदस्य को भी समर्पित किया है व सभी से आग्रह किया है कि वे भविष्य में भी इसी लगन, ईमानदारी व कर्मठता से कार्य करते रहे व स्श्वष्ट्रक्र का झंडा ऊँचा रखें।



## के.व्ही.ए. में वीरवंदन और सारांकन की मनोरम झाकियाँ, बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

### मंच पर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विशिष्ट अतिथि पद्मश्री अनुज शर्मा की रही उपस्थिति






**रायपुर ( विश्व परिवार )।** शहर के डे बोर्डिंग विद्यालय कांगेर वैली अकादमी में वार्षिकोत्सव हुर्रा और कांफेटी का आयोजन हुआ। जिसका थीम मानवीय मूल्यों पर रखा गया था। इस कार्यक्रम में छोटे बच्चों द्वारा वीरवंदन और बड़े बच्चों द्वारा सारांकन नाम से रंगारंग प्रस्तुति दी गयी।

वीरवंदन में मुख्य अतिथि श्रीमती शीतल शाश्वत वर्मा विशेष सचिव वित्तविभाग, छत्तीसगढ़ शासन उपस्थित रहे। श्रीमतीवर्मा ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहाकि बच्चों की चहुँमुखी विकास में कांग्रेस वैली परिवार निरंतर प्रयासरत रहा है। शिक्षा के बिना बच्चों का बौद्धिक विकास संभव नहीं है। हरे-भरेप्राकृतिक परिवेश के साथ-साथ कला, संगीत औरशिक्षाकी मणिकांचन संयोग यह सभी बच्चों और पालकों के लिए सौभाग्य की बात है।

सारांकन के मंच पर मुख्य अतिथि विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन एवं विशिष्ट अतिथि पद्मश्री श्री अनुज शर्मा विधायक, छत्तीसगढ़ शासन की उपस्थिति साथ ही विद्यालय के संरक्षक श्री स्वरूपचंद जैन, मार्गदर्शक श्री रतनलाल जैन, उपस्थित रहे। श्री शर्मा नेकार्यक्रम की थीम सारांकन पर अपनावक्तव्यदेते हुए कहा कि ज़ो संस्कार इसविद्यालय में सिखाया जाता है। वह शायद रायपुर केकिसीभी विद्यालय मेंनहींसिखाया जाता है।

मुख्य अतिथि श्री साय ने अपने उद्बोधन में कहाकि शिक्षा विकास का मूलमंत्र है। चहुँमुखी विकास के लिए शिक्षा जरूरी है। इस विद्यालय में प्राप्त होने वाले शिक्षा का लाभ उठाएँ और अपने बच्चों के भविष्य का नवनिर्माण करें।उन्होंने शिक्षा के अलावा अन्य क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएँदिए। विद्यालय के संरक्षक श्री स्वरूप चंद जी जैन ने कहा कि बच्चों नेवीरवंदन के माध्यम से हमारे गुमनाम नायकोंके महत्व को जिस प्रकार से प्रतिपादित करने का कार्य किया है। निश्चित ही अत्यंत सराहनीय कार्य है और हमें भी इस पुनीत कार्य में अपनी भूमिका सुनिश्चित करना चाहिए।

कक्षा दसवीं सेटिया बैस एवं कक्षा बारहवीं में वाणिज्य संकाय से रिद्धि अग्रवाल, विज्ञान संकाय से मोनिका जैन एवं मानविकी संकाय से शीतल जैन ने सर्वोत्तम अंक प्राप्त किए हैं। इस अवसर पर उत्कृष्ट अंक प्राप्तकरने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। श्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार प्री प्रायमरी से विवान कौशिक, प्रायमरी से इशकीर्तसिंह, स्टूडेंट ऑफ द ईयर समृद्धि रामपुरिया को मिला। खेलों में श्रेष्ठ टीम रूबी सदन को पेलेडिंयन ट्राफी, और श्रेष्ठ एकेडमिक जेम ऑफ़ जेम्स पुरस्कारभीरूबी सदन को मिला।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने मानवीय मूल्यों को मुख्य आधार मानकर वीरवंदन एवं सारांकनन के रूप में अपनी प्रस्तुतियाँ दिए। जिसमें मानवीय मूल्यों कीरक्षाका मूल मंत्र समाया था। यह वीरवंदनवसारांकन का पूरा कार्यक्रम मानवीय मूल्यों पर केन्द्रित था जिसमें यह सन्देश था कि हम अपनी गुमनाम नायकों की अस्तित्व को समझें। 'गुमनाम नायक'वह व्यक्ति जो अपने योगदान के लिए पहचान या प्रशंसा नहीं पाता, लेकिन मूल्यवान काम करता है। ऐसे लोगों को अज्ञात नायक भी कहा जाता है। अज्ञात नायक महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं, लेकिन उन पर ध्यान नहीं दिया जाता। कभी-कभी उनके प्रयासों को हल्के में भी लिया जाता है। हमें अपने अस्मिता के मायने बदलने होंगे जिसमें हमारे गुमनाम वीर नायकों का अस्मिता कायम रहे।

इस कार्यक्रम में कांगेर वैली सोसायटी के चेयरमेन श्री संजय जैन, सचिव श्रीमती राखी जैन, सदस्य सुश्री सारा जैन, रिया जैन, महानदी एडुकेशन सोसायटी के सचिवशैलेन्द्र जैन, सदस्य श्रीमती संगीता जैन, शुभिका जैन, विद्यालय के निदेशक श्री के मोहंती, प्राचार्य श्री अभिजित दास, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी आशीषकुशवाहा, उपप्राचार्या श्रीमती सरिता नायक और भारी संख्या में बच्चों के पालक उपस्थित थे।

## हर- हर बागेश्वर, घर -घर बागेश्वर, हर- घर मोरध्वज, घर -घर मोरध्वज मुहिम का हुआ शुभारंभ




**आरंग ( विश्व परिवार )।** शुक्रवार को स्वयंसेवी संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन हर-हर बागेश्वर, घर-घर बागेश्वर, हर-घर मोरध्वज घर-घर मोरध्वज के तहत अभियान चलाया जा रहा है।

इस मुहिम का शुभारंभ फाउंडेशन के सदस्यगण बाबा बागेश्वरनाथ महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर किया। फाऊंडेशन के सदस्यों ने बताया इस मुहिम के तहत् आरंग के 4000/ घरों में फाऊंडेशन के सदस्यगण बाबा बागेश्वरनाथ की आरती सहित छायाचित्र तथा महानदानी राजा मोरध्वज की छायाचित्र व नगर का गौरवशाली संक्षिप्त इतिहास पर आधारित कैलेंडर का वितरण कर नववर्ष की शुभकामनाएं दिया जा रहा हैं। साथ ही इस कैलेंडर में बारकोड स्केनर अंकित किया गया है जिसे स्केनकर नगर सहित देश, दुनिया के लोग धार्मिक और मंदिरों की नगरी आरंग सहित पुरा नगरी रींवा, चंदखुरी, भंडार पुरीधाम आदि स्थानों का भी जानकारी हासिल कर पाएंगे।इस कैलेंडर में गौ सेवा सबसे बड़ा धर्म है का संदेश भी दिया गया है। जिससे लोग गौ पालन के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित हो सकें।इस तरह यह कैलेंडर को बहु उपयोगी बनाना गया है। वही इस अभियान को सफल बनाने में समाजसेवी योगेश साहू, मोबाइल मास्टर, अजय देवांगन मुकुंद इलेक्ट्रॉनिक्स, जयप्रकाश गुप्ता, गुप्ता कंप्यूटर, मां विद्या सहकारी समिति आरंग का विशेष सहयोग है। जिसे मूर्त रूप देने में संरक्षक आनंदराम पत्रकारश्री, अध्यक्ष दूजेराम धीवर, संयोजक महेन्द्र कुमार पटेल, कोषाध्यक्ष कोमल लाखोटी, सचिव अभिमन्यु साहू, संयुक्त सचिव संजय मेश्राम, यादेश देवांगन, अशोक साहू, मोहन सोनकर, प्रतीक टोंड्रे रमेश देवांगन, नीरज साहू, राकेश जलक्षत्री, भागवत जलक्षत्री, मोहन सोनकर, टेकराम लोधी सहित अन्य सदस्यों व रानी पद्मावती महिला संगठन की अहम भूमिका है।

## नगर निगम भिलाई के सभी जोन कार्यालय में प्रत्येक सोमवार को नवीन राशन कार्ड वितरित किया जा रहा



**भिलाई ( विश्व परिवार )।** नगर निगम भिलाई के सभी जोन कार्यालय में प्रत्येक सोमवार को नवीन राशन कार्ड वितरित किया जा रहा है। सुबह 11 बजे से 4 बजे तक कोऑपरेटिव सोसाइटी के दुकानदार एवं नगर निगम भिलाई के कर्मचारी बैठेंगे। अभी तक जो नागरिक अपना राशन कार्ड नवीनीकरण नहीं करवाए हैं, वह जाकर राशन कार्ड नवीनीकरण करवा सकते हैं। यह सुविधा सभी के लिए प्रदान की जा रही है। अधिक से अधिक संख्या में आकर लाभ उठा सकते हैं। जो राशन कार्ड धारी राशन कार्ड नवीनीकरण नहीं करेंगे भविष्य में उन्हें राशन मिलने में परेशानी हो सकती है। इसलिए इंतजार मत करें।

## महाविद्यालय में अग्निवीर करन सिंह का स्वागत-सम्मान समारोह आयोजित हुआ




**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** शासकीय डीके कॉलेज बलौदाबाजार में 23 दिसंबर 2024 को अग्निवीर करन सिंह के लिए स्वागत सम्मान समारोह अयोजित किया गया। अग्निवीर करन सिंह इस महाविद्यालय के पूर्व बी एस सी और एससीसी द्वितीय वर्ष के छात्र रहे। उनका चयन भारतीय थल सेना अग्निवीर मे 2023 मे हुआ। अग्निवीर मे चयनित होने के पश्चात थल सेना प्रसिक्षण को गोवा मे 2024 मे सफलता पूर्वक पूर्ण किया। अत: हमारे कॉलेज मे स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

समारोह मे सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन के पश्चात शासकीय डीके कॉलेज के प्रिंसिपल ए आर सी जेम्स ने उत्बोधन किया तत्पश्चात अग्निवीर करन ने उतबोधन करते हुए अपने संघर्षो के बारे मे बताते हुए कहा की कैसे उन्होंने तमाम बाधाओ को पार करते हुए अग्निवीर भर्ती रैली के लिए शारिरिक और लिखित परीक्षा की तयारी की और उनकी संघर्षो के परिणाम स्वरूप उनको यह मुकाम हासिल हुआ।

थल सेना मे उन्हे सिग्नल डिपार्टमेंट मिला है। पूरे महाविद्यालय परिवार ने अग्निवीर करन सिंह को बधाई और उज्वल भविष्य कि कामना करते हुए ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

## सुशासन सप्ताह पर रंगोली प्रतियोगिता हुई आयोजित



**भिलाई ( विश्व परिवार )।** सुशासन सप्ताह 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक मनाया जा रहा है। इसी संदर्भ में वैशाली नगर कन्यशाला के छात्राओं द्वारा रंगोली बनाई गई। शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं क्या-क्या चल रही है। इस पर परिचर्चा छात्रों के बीच में की गई। क्या-क्या लाभ मिल रहा है कक्षा 11वीं की छात्रा रेशमा जय श्री ने बताया आज महतारी बंधन का पैसा मेरे घर में आने से हम लोगों को बहुत बड़ी सहायता हो जाती है। मेरे घर में दो लोगों को मिलता है राशन कोऑपरेटिव से मिल जाता इस पैसे से मेरा पढ़ाई लिखाई और जरूरी चीज मेरी मां पूरा कर देती है। यह हमारे लिए बहुत ही उपयोगी है। पहले बहुत परेशानी होती थी। पलक ने बताया प्रधानमंत्री आवास से मकान बन जाने के बाद मेरे चाचा लोग अच्छे से निवास कर रहे हैं। पहले एक घर में रहते थे तो आपस में परेशानी होती थी। आज सबको मकान मिल रहा है। आयुष्मान कार्ड से इलाज हो रहा है। प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना से रोजगार मिल रहा है। किसी भी प्रकार का सर्टिफिकेट बनवाना है तो मोर संगवारी को कॉल कर दो आकर के हमें सर्टिफिकेट बना कर दे देता है। हमारे चाचा के लड़की का जन्म प्रमाण पत्र घर बैठे बैठे बन गया। यह सब सुविधा हमें सुशासन के द्वारा ही मिल रहा है। हम लोग बहुत आभारी हैं मुख्यमंत्री जी का।

## आयुक्त ने अटल परिसर, कांजी हाउस एवं एसएलआरएम सेंटर का किए औचक निरीक्षण

**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त ने निगम के अलग-अलग स्थानों का निरीक्षण करने सुबह-सुबह ही पहुंच गये। निगम भिलाई के नेहरू नगर चैंक स्थित अटल परिसर, आधुनिक सामुदायिक सुलभ शौचालय, एसएलआरएम सेंटर एवं नेहरू नगर स्थित सी.एन.डी. वेस्ट से बनने वाली सामग्री के प्लांट का निरीक्षण किये। मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किए कि जो भी कार्य कराए जा रहे है, शासन के नियमानुसार गुणवत्ता में कोई कमी न आए एवं कार्य समय सीमा के अंदर पूर्ण किया जाये।



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर
## निविदा सूचना

क्रमांक 111/नपानि/जोन-4/लो.क.वि./2024 रायपुर दिनांक 20.12.2024

आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर की ओर से प्रस्तावित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्वति (प्रथम में अमानती राशि, अन्य कागजात एवं द्वितीय में निविदा प्रपत्र) में सील बंद निविदाएं **स्पीड पोस्ट** से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

1 आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - **03.01.2025** को सायं 5:30 बजे तक
2 निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - **07.01.2025** को सायं 5:30 बजे तक
3 निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - **13.01.2025** को सायं 04:00 बजे तक
4 निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - **13.01.2025** को सायं 04:30 बजे से

| क्र. | कार्य का विवरण | प्राक्कलन राशि ( लाख में ) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | अवधि | निविदा प्रपत्र | एस.ओ.आर./नॉन एस.ओ.आर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. |
| 1. | पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड क्र. 35 अंतर्गत धोबीपारा यादवपारा नुरानी मस्जिद क्षेत्र एवं अन्य जगहों पर नाली/पुलिया सड़क मरम्मत / शौचालय मरम्मत / भवन मरम्मत कार्य। (संधारण मद) | 3.80 | 4000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 3 माह | प्रपत्र "अ" | पी.डब्ल्यु.डी.भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |
| 2. | ब्राम्हणपारा वार्ड क्र. 44 अंतर्गत ब्राम्हणपारा कंकालीपारा अवधियापारा एवं अन्य जगहों पर नाली / पुलिया सड़क मरम्मत / शौचालय मरम्मत / भवन मरम्मत कार्य। (संधारण मद) | 3.60 | 4000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 3 माह | प्रपत्र "अ" | पी.डब्ल्यु.डी.भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |
| 3. | स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड क्र. 45 अंतर्गत नयापारा कमासीपारा दानी बाडा, बुढ़ापारा एवं विभिन्न स्थानों पर नाली/पुलिया सड़क मरम्मत / शौचालय मरम्मत/ भवन मरम्मत कार्य। (संधारण मद) | 3.50 | 4000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 3 माह | प्रपत्र "अ" | पी.डब्ल्यु.डी.भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |
| 4. | मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड क्र. 46 अंतर्गत मौदहापारा बैजनाथपारा नेहरू नगर एवं अन्य जगहों पर नाली/पुलिया सड़क मरम्मत / शौचालय मरम्मत/ भवन मरम्मत कार्य। (संधारण मद) | 3.40 | 4000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 3 माह | प्रपत्र "अ" | पी.डब्ल्यु.डी.भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |
| 5. | सिविल लाईन वार्ड क्र. 47 अंतर्गत सिविल उत्कल बस्ती. पंचशील नगर, कटोरा तालाब पास एवं अन्य जगहों पर नाली/पुलिया सड़क मरम्मत / शौचालय मरम्मत/ भवन मरम्मत कार्य। (संधारण मद) | 3.70 | 4000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 3 माह | प्रपत्र "अ" | पी.डब्ल्यु.डी.भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |
| 6. | पं. भगवती चरण शुक्ल वार्ड क्र. 57 अंतर्गत पेंशनबाड़ा बैरन बाजार एवं अन्य जगहो पर नाली/पुलिया सड़क मरम्मत / शौचालय मरम्मत/ भवन मरम्मत कार्य। (संधारण मद) | 3.30 | 4000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 3 माह | प्रपत्र "अ" | पी.डब्ल्यु.डी.भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |
| 7. | पं. भगवती चरण शुक्ल वार्ड क्र. 57 अंतर्गत पीएनटी कॉलोनी शैलेन्द्र नगर एवं अन्य जगहो पर नाली/पुलिया सड़क मरम्मत / शौचालय मरम्मत/ भवन मरम्मत कार्य। (संधारण मद) | 3.80 | 4000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 3 माह | प्रपत्र "अ" | पी.डब्ल्यु.डी.भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |
| 8. | डॉ. विपिन बिहारी सूर वार्ड क्र. 64 अंतर्गत मठपारा कैलाशपुरी, आदर्श नगर गभरपारा एवं अन्य जगहो पर नाली/पुलिया सड़क मरम्मत / शौचालय मरम्मत/ भवन मरम्मत कार्य। (संधारण मद) | 3.45 | 4000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 3 माह | प्रपत्र "अ" | पी.डब्ल्यु.डी.भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |
| 9. | जोन क्रमांक 04 क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों पर कांक्रीट सड़क मरम्मत एवं नाली/ पुलिया सड़क मरम्मत / शौचालय मरम्मत/ भवन मरम्मत कार्य। (संधारण मद) | 3.65 | 4000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 3 माह | प्रपत्र "अ" | पी.डब्ल्यु.डी.भवन/रोड एस.ओ.आर दिनांक 01/01/2015 |
| 10. | इंडोर स्टेडियम के अंदर स्थित गंगाराम शर्मा सामुदायिक भवन की कार्य व्यवस्था हेतु 03 श्रमिक प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से प्रदाय करने का कार्य। (संधारण मद) | 4.85 | 5000.00 | 750.00 | श्रम आयुक्त कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम | 12 माह | प्रपत्र "ब" | कलेक्टर दर पर आधारित |

**नोट**- 1. निविदा से संबंधित दस्तावेज / छ.ग. पीडब्ल्यूडी का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र/वीएसटी पंजीयन प्रमाण पत्र/पेन कार्ड/विगत 03 साल का इनकम टैक्स रिटर्न (नवीन पंजीकृत ठेकेदार/फर्म के लिये यह लागू नहीं होगा)/ विगत 03 माह का जीएसटी रिटर्न/ राशि क. 100/- का शपथ पत्र (निविदा जारी होने के बाद का नोटराईजड ) / राशि 2.00 लाख से अधिक के कार्यों के लिये कम से कम 15 प्रतिशत तक जीवित बैंक सॉल्वेंशी स्वीकार किया जावेगा। **( राष्ट्रीयकृत बैंक का अमानती राशि ( एफ.डी.आर. के रूप में ) आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय होगा।) ( लिफाफा निविदा जारीकर्ता अभिकारी के नाम से पोस्ट किया जावे )** निर्धारित अवधि में यदि किसी दिन अवकाश होता है, तो उल्लेखित कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर सम्पन्न की जावेगी।
2. निविदा से संबंधित नियम एवं अन्य शर्ते जोन कमांक 04 कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है।
3. उक्त निविदा नगर निगम के वेबसाईट nagar nigam raipur.nic.in में देखी जा सकती है।
4. निविदा अंतर्गत (3rd Party Inspection) की राशि का भुगतान ठेकेदार द्वारा किया जायेगा जो कि कुल स्वीकृत राशि को 0.60 प्रतिशत एवं जीएसटी अतिरिक्त होगा।
5. कार्य क्र. 10 हेतु श्रमिक पंजीयन लायसेंस एवं ईपीएफ पंजीयन / ईएसआईसी प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

**घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें**

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्रमांक 4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

## BUREAU OF INDIAN STANDARDS
RAIPUR BRANCH OFFICE

### Applications Invited for "Resource Support Team" for Standard Promotion Activities in all Districts of Chhattisgarh

The Bureau of Indian Standards (BIS), the national standardization body of India, has initiated the formation of a **"Resource Support Team"** (RST) to strengthen standard promotion activities. The objective of these activities is to raise awareness about the importance of Indian Standards and BIS-certified products.

Under this initiative, selected Resource Support Team members will be provided an honorarium ranging from **₹1,500 to ₹5,000**, depending on their experience, subject expertise, and the duration of the program. The RST will be assigned tasks periodically.

**Eligibility Criteria:**
- Postgraduate in a science discipline, OR
- Experienced industry professionals, OR
- Research scholars from the science stream, OR
- Active mentors of Standard Clubs, OR
- Retired scientists and government officers, OR
- Faculty members from engineering and science colleges or other professions, OR
- Students pursuing postgraduate courses.

**Nature of Work:**
- Conducting district-level training programs.
- Organizing exposure visits for academia and industries.
- Explaining the benefits and uses of BIS-certified products.
- Conducting awareness programs in schools, colleges, and industries.
- Coordinating with district-level officers and organizing sensitization programs for capacity building at their offices.

**Note:** Interested candidates can apply for this opportunity to contribute to promoting BIS activities and spreading awareness regarding the importance of standards and certifications.
**Note:** Scan the QR Code provided above for the guidelines of the "Resource Support Team.

For more information, contact:
**BIS Office, Raipur Branch Office**
**Email:rpbo@bis.gov.in**
**Ph. No.: 0771 - 2412235**

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

#### आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **कॉलोनी बोरियाकला,** जिला-रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **एल.आई.जी. फ्लैट क्रमांक-118 ब्लॉक-08 प्रथम तल श्री प्रकाश कुमार श्रीवास्तव पिता श्री अशोक कुमार श्रीवास्तव निवासी:- महादेव घाट पारा जगदलपुर, जिला-बस्तर ( छ.ग. ),** को इस कार्यालय के आंबटन आदेश **क्रमांक 5399 दिनांक 07.05.2014** के माध्यम से एकमुश्त आधार पर आंवटित किया गया है। **मूल आंबटी श्री प्रकाश कुमार श्रीवास्तव पिता श्री अशोक कुमार श्रीवास्तव पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक** 07.08.2014 को सेलडीड निष्पादित करा लिया गया है। मूल आंबटी द्वारा हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त फ्लैट को **क्रेता श्री रेड्डीबत्तुला अंकी पिता श्री रोजी रेड्डी पता:- एम.आई.जी-सी/806, मोरे सुपर मार्केट के पीछे एन.जी.ओ.एस कॉलोनी वनस्थलीपुरम एल.बी. नगर रंगारेड्डी ( अ.प्र. )** के पक्ष में दिनांक 22.11.2024 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्री रेड्डीबत्तुला अंकी पिता श्री रोजी रेड्डी, द्वारा उक्त फ्लैट को फ्री-होल्ड पश्चात अपने नाम पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन/फ्लैट का फ्री-होल्ड उपरांत नाम दर्ज किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समायवधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर छ.ग.**

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

#### आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **कॉलोनी बोरियाकला,** जिला-रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **एल.आई.जी. फ्लैट क्रमांक-553 ब्लॉक-35 द्वितीय तल श्रीमती मंजू कन्नौजे पति श्री अजय शंकर कन्नौजे निवासी:- विकास नगर गुढ़यिारी, संतोषी मंदिर के पास, रायपुर तह व जिला-रायपुर ( छ.ग. ),** को इस कार्यालय के आंबटन आदेश **क्रमांक 690 दिनांक 24.02.2010** के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आंबटित किया गया है। **मूल आंबटी श्रीमती मंजू कन्नौजे पति श्री अजय शंकर कन्नौजे** पूर्ण मूल्य जमा कर **दिनांक 23.06.2016** को लीजडीड निष्पादित करा लिया गया है। मूल आंबटी द्वारा हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त फ्लैट को **क्रेता श्री रेड्डीबत्तुला अंकी पिता श्री रोजी रेड्डी पता:- एम.आई.जी-सी/806, मोरे सुपर मार्केट के पीछे एन.जी.ओ.एस कॉलोनी वनस्थलीपुरम एल.बी. नगर रंगारेड्डी ( अ.प्र. )** के पक्ष में **दिनांक 16.10.2024** को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में **क्रेता श्री रेड्डीबत्तुला अंकी पिता श्री रोजी रेड्डी,** द्वारा उक्त फ्लैट को फ्री-होल्ड पश्चात अपने नाम पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन/फ्लैट का फ्री-होल्ड उपरांत नाम दर्ज किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समायवधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर छ.ग.**

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

#### आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, द्वारा दीनदयाल आवास योजनांतर्गत खम्हारडीह, रायपुर में स्थित **एल.आई.जी. फ्लैट क्रमांक- 07, ब्लॉक नं-01, ( द्वितीय-तल ), श्रीमती पार्वती गावड़े पति श्री कृपाराम गावड़े,** को इस कार्यालय के आबंटन आदेश **क्रमांक 2598 दिनांक 13.04.2009** के द्वारा भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित है।

मूलआबंटी **श्रीमती पार्वती गावड़े पति श्री कृपाराम गावड़े,** की मृत्यु **दिनांक 28.01.2024** को हो जाने के कारण उनके **पति श्री कृपाराम गावड़े पिता स्व. परसराम गावड़े, निवासी:- सिंगनवाही तह. डौडी जिला-बालोद, ( छ.ग. )** के द्वारा आवेदन पत्र, रजिस्ट्री की छायाप्रति, शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट को अपने नाम पर नामातंरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त फ्लैट को आबंटी **श्रीमती पार्वती गावड़े पति श्री कृपाराम गावडे,** की मृत्यु होने के उपरांत प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उनके **पति श्री कृपाराम गावड़े पिता स्व. परसराम गावड़े,** के नाम पर नामातंरण किया जाना है।

अत: उक्त फ्लैट के नामांतरण के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर ( छ.ग. )**

## महिलाओं का आर्थिक रूप से सशक्त करना उनके पूरे परिवार को मजबूत करना होता है- लक्ष्मी राजवाड़े

### महतारी वंदन की राशि बच्चों की परवरिश में दे रहा है योगदानः चिंतामणि

### सुशासन के एक वर्ष पर प्रेमनगर और भटगांव में महतारी वंदन सम्मेलन 31 करोड़ 88 लाख के निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

गोपाल सिंह विद्रोही





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** बीते 13 दिसंबर को छत्तीसगढ़ सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश परब के उपलक्ष्य में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को ग्राम पंचायत स्तर पर एवं विकासखंड स्तर पर सम्मानित किया जा रहा है। इसी क्रम में महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में भटगांव विधानसभा क्षेत्रातंर्गत फुटबाल ग्राउंड भटगांव में और विधायक प्रेमनगर श्री भूलन सिंह मरावी के मुख्य आतिथ्य में प्रेमनगर विधानसभा अंतर्गत दुर्गाबाडी परिसर प्रेमनगर में महतारी वंदन सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फुटबाल ग्राउंड भटगांव के कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं नगरीय निकाय सहित विभिन्न विभागों के अंतर्गत कुल 31 करोड़ 88 लाख के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान विभिन्न समूहों द्वारा सामूहिक नृत्य एवं गान प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा उन्होंने इस दौरान गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और बच्चों के अन्नप्राशन संस्कार को भी संपन्न कराया और उन्हें उपहार भेंट किये।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हितग्राहियों को सम्मानित किया जिन्होने राशि का उपयोग स्वयं को एवं अपने परिवार को सशक्त करने में किया है। वृहद सम्मेलन में महिलाओं हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं जैसे कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, रस्साकस्सी एवं मटका दौड आदि। इस आयोजन में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों के समस्याओं के निराकरण के लिये शिकायत निवारण स्टॉल एवं छोटे बच्चों व बड़ों के आधार बनाने एवं सुधार कार्य कराने साथ ही पोस्ट आफिस से समन्वय कर सुकन्या समृद्धि के खाते खुलवाने व स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल संदर्भ मेला एवं स्वास्थ्य शिविर हेतु स्टॉल लगाये गये हैं। इस सम्मेलन में बहेतर काम कर रहे महिला स्वयं सहायता समूह तथा स्वच्छता दीदियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं महतारी वंदन योजना का लाभ कैसे ले सकते है इस पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन स्कूली बच्चों द्वारा किया गया। इस अवसर पर महतारी वंदन के हितग्राहियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का संदेश विष्णु की पाती महतारी वंदन के सभी हितग्राही महिलाओं को दी गई। विष्णु की पाती पाकर महिलाओं ने खुशी जाहिर की है। जनादेश के वर्षगांठ पर मुख्यमंत्री ने महिलाओं से पत्र के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा है कि माताओं और बहनों की खुशहाली ही छत्तीसगढ़ महतारी की खुशहाली है। महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने 70 लाख से अधिक माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना का लाभ दे रहे हैं। यह आपके भाई की ओर से आपको सादर उपहार है।

इस कार्यक्रम में महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर महतारी वंदन सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं का आर्थिक रूप से सशक्त होना उनके पूरे भविष्य को तय करता है। आज शासन महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की महिलाओं के खाते में प्रति माह जो एक हजार रू की राशि हस्तांरित कर रही है, उससे निसंदेह महिलाएं संबल बनी है, उनके आत्मविश्वास में अविश्सनीय बदलाव आया है। जिससे आज वो अपना निर्णय लेने में दूसरों पर निर्भर नहीं है। उन्होंने कहा यह योजना महिलाओं के विकास में शासन द्वारा उठाये गए सबसे महत्वपूर्ण बड़ा कदम में से एक है। महिलाओं के आर्थिक रूप से सशक्त बनने एवं स्वावलंबी बनने में इस योजन का अहम योगदान है। महिलाओं के कल्याण के लिए शासन द्वारा किए कार्यों को बताते हुए उन्होंने बताया कि इस विधानसभा क्षेत्र में 05 महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा तथा आने वाले समय में प्रत्येक ग्राम में महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने बताया कि नगर पंचायत भटगांव अंतर्गत लगभग 01 करोड़ के विकास कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने उपस्थित लोगों को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने, जागरूकता लाने के साथ इस कार्यक्रम को पूर्ण रूप से लागू करने के लिए शपथ दिलाई और कहा कि सभी अपने बेटियो का अच्छे से देखभाल करें एवं उनके विवाह 18 वर्ष के पश्चात ही कराए।

इस अवसर पर सांसद श्री चिंतामणि महाराज ने कहा कि इस योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के उद्देश्य से इस योजना को क्रियान्वित किया जा रहा है। इस योजना की राशि से महिलाएं अपनी बच्चों को बेहतर शिक्षा दे पा रही हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से मजबूत महिलाएं निश्चित रूप से समाज और देश के विकास में अपना योगदान दे सकेंगी। इस दौरान उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन को लेकर उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने शपथ दिलाते हुए कहा कि हम कभी न गंदगी करेंगे और न ही करने देंगे। आसपास के क्षेत्रों को साफ सुथरा करने के लिए निरंतर कार्य करेंगे और स्वच्छता अभियान को

दृढ़ संकल्प के साथ लागू करेंगे।

इस अवसर पर कलेक्टर ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि महतारी वंदन योजना अंतर्गत महिलाओं के सम्मान तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना की शुरुवात शासन द्वारा किया गया है। योजनांतर्गत प्रतिमाह पात्र विवाहित महिलाओं को 1000/- रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते प्रदाय की जा रही है। जिले में कुल 217862 आवेदन प्राप्त हुये जिसमें से माह दिसम्बर 2024 की स्थिति में 214653 महिलाओं को कुल 20 करोड़ रुपये प्रदाय किया गया है। जिला सूरजपुर मे 01 अप्रैल.2024 से आज तक सुकन्या समृद्धि योजना में कुल 2389 खाते खोले गये हैं भारत शासन की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना में निर्धारित 7100 लक्ष्य के विरुद्ध 5764 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है।

इस अवसर पर श्री राम सेवक पैकरा ने सभा को संबोधित करते हुए सभी महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने आप सभी महिलाओं के सशक्त बनाने से देश सशक्त और महान बन पाएगा।उन्होंने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया।

कार्यक्रम में श्री बाबूलाल अग्रवाल, श्रीमती दुर्गा संतोष सारथी सभापति, महिला एवं बाल विकास विभाग सूरजपुर, श्रीमती सुलोचना पैकरा अध्यक्ष, जनपद पंचायत भैयाथान, श्री मनिहारी लाल पैकरा अध्यक्ष, जनपद पंचायत ओड़गी, श्री सूरज कुमार गुप्ता अध्यक्ष, नगर पंचायत भटगांव, श्रीमती विधात्री अखिलेश प्रताप सिंह देव उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत भैयाथान, श्री शिवबालक यादव उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत. ओड़गी, श्री विरेन्द्र कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष, नगर पंचायत भटगांव, श्रीमती अनिता चेरवा सदस्य, जिला पंचायत, श्रीमती सुहागवती राजवाड़े सदस्य, जिला पंचायत, श्री महेश्वर पैकरा सदस्य, जिला पंचायत, गीता जायसवाल सदस्य, जिला पंचायत रमेश गुप्ता, लोकेश पैकरा, माहेश्वरी रजवाड़े व संबंधित अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### खाद्य विभाग द्वारा 25 क्विंटल अवैध धान जब्त



**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**-विगत दिवस खाद्य विभाग एवं अन्य विभागों की संयुक्त टीम के अधिकारियों द्वारा 25 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया। गौरतलब है कि कलेक्टर एस जयवर्धन के नेतृत्व में जिले में अवैध धान को लेकर कार्यवाही लगातार की जा रही है। इसी क्रम में बलंगी से 62 बोरी वजन लगभग 25 क्विंटल अवैध धान रात्रि में राजेश जायसवाल द्वारा लाया जा रहा था। खाद्य अधिकारी, खाद्य निरीक्षक एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए राजेश जायसवाल से उक्त अवैध धान की जप्ती की गई।

### मुख्यमंत्री साय की पाती पाकर महिलाएं हुई खुश

**जशपुर(विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हितग्राहियों के विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन जिले में किया जा रहा है। इसके साथ ही हितग्राहियों को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का महतारी वंदन योजना की पाती भी दिया गया। बगीचा विकास खंड के ग्राम पंचायत सरडीह में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना के तहत लाभान्वित हितग्राहियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया और विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत दुर्गा पार,मैनी, विमड़ा,पेटा ग्राम पंचायत में महतारी वंदन सम्मान समारोह कार्यकम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका उपस्थित थे।

### जिले के जंगल में आया बाघ सावधान रहने की हिदायत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के जंगल में बाघ आ जाने से सतर्क एवं सावधान रहने हेतु मुनादी कराने के संबंध में तत्काल सूचना व निर्देश वन परिक्षेत्र अधिकारी कार्यालय चैतमा से जारी किया गया है। जारी निर्देश में कहा गया है कि मरवाही वनमण्डल से 01 बाघ विचरण करते हुये वनमण्डल कटघोरा के परिक्षेत्र पसान के जंगल में आने की सूचना प्राप्त हुई है। अतः समस्त परिक्षेत्र सहायक/परिसर रक्षक लोग अपने-अपने उप परिक्षेत्र एवं परिसर क्षेत्रों में सतत् भ्रमण करें तथा ग्राम पंचायतों के ग्रामों में सतर्क एवं सावधान रहने की मुनादी कराते हुये वीडियो चैतमा ग्रुप में शेयर करना सुनिश्चित करें।

### एचडीएफसी बैंक ने 'गिफ्ट सिटी' से पहला गोल्ड फॉरवर्ड डील किया

**रायपुरः** भारत का अग्रणी निजी क्षेत्र का बैंक एचडीएफसी बैंक 'गिफ्ट सिटी' से गोल्ड फॉरवर्ड डील करने वाला पहला घरेलू बैंक बन गया है। यह डील एचडीएफसी बैंक गिफ्ट सिटी आईबीयू द्वारा हिंदुस्तान प्लेटिनम प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से की गई, जो एक वैश्विक रिफाइनर और उच्च शुद्धता वाले कीमती धातु उत्पादों और औद्योगिक सेवाओं का निर्माता है। नियामकों ने सोने की कीमत के जोखिम वाली ऑनशोर संस्थाओं को गिफ्ट सिटी के माध्यम से अपने जोखिम को कम करने में सक्षम बनाया है। एचडीएफसी बैंक गिफ्ट सिटी बुलियन इकोसिस्टम के विकास का हिस्सा बनने के लिए प्रतिबद्ध है। गिफ्ट सिटी में बैंक का आईबीयू भारतीय अंतर्राष्ट्रीय बुलियन एक्सचेंज (आईआईबीएक्स) पर ट्रेडिंग और क्लियरिंग सदस्य के रूप में कार्य करता है। इस अवसर पर बोलते हुए, एचडीएफसी बैंक के समूह प्रमुख - ट्रेजरी, श्री अरूप रक्षित ने कहा, हमें गिफ्ट सिटी से पहले गोल्ड फॉरवर्ड डील के सफल निष्पादन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह उपलब्धि गिफ्ट सिटी द्वारा पेश किए गए अवसरों का लाभ उठाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है ताकि अभिनव और कुशल वित्तीय समाधान प्रदान किए जा सकें। एचडीएफसी बैंक रत्न और आभूषण क्षेत्र के साथ-साथ विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों को उनके जोखिमों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए अनुरूप हेजिंग समाधान प्रदान करने का प्रयास करेगा।

## आधा दर्जन बिचौलियों से 1112 बोरी धान जब्त

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर बिचौलियों और दलालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। राजस्व और खाद्य विभाग के अधिकारियों ने आधा दर्जन दुकानों पर दबिश दी। छापे में 1112 कट्टी धान जब्त की गई। जिसकी कीमत लगभग 14 लाख आंकी गई है। सोसाइटियों में खपाने की नीयत से धान का अवैध भंडारण किया गया था। कलेक्टर ने जब्त धान पर नजर रखने को कहा है ताकि केंद्रों पर वह बिकने ना पाए। खाद्य अधिकारी ने बताया कि आज एसडीएम बिल्हा के मार्गदर्शन में चकरभाठा में जय श्री कृष्ण ट्रेडर्स के यहां 370 बोरी (148 क्विंटल) धान को जप्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार खाद्य एवं मण्डी विभाग द्वारा सीपत निवासी फुटकर व्यापारी इंद्र वर्मा के दुकान माँ प्रॉविजन स्टोर्स से 73 कट्टी × श्री शिवगोपाल साहू के प्रतिष्ठान से 69 कट्टी कुल 142 कट्टी लगभग 56.80 क्विंटल धान मण्डी अधिनियम के अंतर्गत जप्त किया गया। चकरभाठा में सुरेश धान भंडार के यहां 150 बोरी (60 क्विंटल) धान को जप्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी। तहसील कोटा में ग्राम गोबरिपाट में फर्म सत्यप्रकाश दुबे में 450 कट्टी (180 क्विंटल) धान के संबंध में मौके पर किसी प्रकार का मंडी शुल्क रशीद और स्टॉक पंजी उपलब्ध नहीं किया गया । जिसके कारण धान जप्त किया गया तथा मंडी अधिनियम के तहत मंडी शुल्क में 5 गुना चार्ज लगाए जाने हेतु पंचनामा तैयार किया गया। इस तरह आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## शासकीय मदिरा दुकान में 36 लाख का शराब गबन चार कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** जिले के आबकारी विभाग ने शराब में मिलावट और लाखों के गबन के मामलों में बड़ी कार्रवाई की है। ताजा मामला महासमुंद नगर स्थित शासकीय प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान का है, जहां जांच में 36 लाख 90 हजार 790 रुपए के शराब गबन का मामला सामने आया है। इस मामले में दुकान संचालित कर रहे ईगल हण्टर सोल्यूशन लिमिटेड के चार कर्मचारियों के खिलाफ कोतवाली थाना में मामला दर्ज कराया गया है। आबकारी विभाग के सहायक अधिकारी दीपक ठाकुर ने 17 दिसंबर 2024 को प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान का निरीक्षण किया, जहां जांच में एक व्हिस्की की पेटी मिली, लेकिन 14 और 15 दिसंबर को विक्रय शून्य पाया गया। स्टाक पंजी में शराब की 373 बोतलें दर्शाई गईं, लेकिन दुकान में केवल 136 बोतलें मिलीं। जांच में यह भी सामने आया कि 1 अप्रैल 2024 से 19 दिसंबर 2024 तक 36 लाख 90 हजार 790 रुपए का शराब का कोई रिकॉर्ड नहीं मिला और न ही इस पैसे का बैंक में कोई लेन-देन हुआ था। दुकान में यह भी पता चला कि ब्रांडेड शराब की बोतलें पेटियों में सही मात्रा में नहीं थीं—ऊपर रखी पेटियों में 12 बोतलें थीं, जबकि नीचे रखी पेटियों में केवल 3 या 4 बोतलें थीं। दुकान में प्रतिदिन 1.25 से 1.50 लाख रुपए की सेल होती थी, लेकिन कर्मचारी शराब की बिक्री के पैसों को आपस में बांट लेते थे, जबकि ऑडिटर के आने पर वे शराब की बोतलों की फोटो खींचकर दिखाते थे और भौतिक सत्यापन नहीं किया जाता था। आबकारी विभाग ने जांच के बाद ईगल हण्टर सोल्यूशन लिमिटेड के मुख्य विक्रेता अमित राय, विक्रेता गौरीशंकर सेन, विक्रेता तुकेश दीवान और मल्टीपर्पज वर्कर लक्ष्मी नारायण साहू के खिलाफ आरोप पत्र देकर विभागीय प्रकरण दर्ज किया है। इसके साथ ही कोतवाली थाना में गबन और धोखाधड़ी का मामला भी दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि एक कर्मचारी फरार है।

## विष्णुदेव सरकार में दौड़ा कोरबा के विकास का पहिया : उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन

### नगर निगम कोरबा अंतर्गत दर्री जोन के वार्ड क्रमांक 45 में विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



**कोरबा(विश्व परिवार)।** नगर विधायक, वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने शनिवार को नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत दर्री जोन के वार्ड क्रमांक 45 सियाहीमुड़ी में चार वार्डों के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन कर शिलापट्टी का अनावरण किया। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने सम्बोधित करते हुए कहा की विष्णुदेव सरकार नगरीय क्षेत्रों के विकास के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। शहरों के विकास के लिए राशि की कोई कमी नहीं होगी. जनभावना के अनुरूप तमाम विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा की शासन द्वारा सुगम, सुचिता और सुशासन के साथ नैतिक मूल्यों का निर्वहन करते हुए जन सरोकार के कार्यों को प्राथमिकता से किया जा रहा है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य की जनता से किये गये हर वादे को प्राथमिकता देते हुए शिद्दत के साथ पूरा करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक नैतिक मूल्यों का निर्वहन करते हुए बिना किसी भेदभाव के सभी क्षेत्रों का विकास किया जा रहा है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कोरबा नगर निगम के दर्री जोन के वार्डों की पिछले कुछ वर्षों में बदहाली किसी से नहीं छिपी थी। लेकिन अब आप लोगों को चिंता करने की कोई जरुरत नहीं है। सिंचाई कॉलोनी वार्ड क्रमांक 43 में चिल्ड्रन पार्क के विकास की लंबे समय से की जा रही थी, जिसका आज भूमि पूजन किया गया। वार्ड क्रमांक 45 की दो सड़कों का निर्माण होगा।हाल ही में प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी कोरबा प्रवास पर आए थे, इस अवसर पर जिले के कुल 623 करोड़ के विभिन्न कार्यों की आधारशिला रखी थी। कोरबा नगर निगम क्षेत्र को कई बड़ी सौगात मिली है। विष्णु देव सरकार में कोरबा का विकास का पहिया तेजी से चल रहा है। वार्ड के लोगों की जो भी मांग है वह हर हाल में पूरी होगी, चिंता करने की जरुरत नहीं है। मंत्री श्री देवांगन ने वार्ड क्रमांक 43 सिंचाई कॉलोनी में चिल्ड्रन पार्क निर्माण कार्य लागत 10 लाख,वार्ड क्रमांक 43 कल्मीडुगु के सामने मंच निर्माण 5 लाख, वार्ड क्रमांक 45 स्याहीमुड़ी में कोमल खड़िया के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 14 लाख, वार्ड क्रमांक 50 अयोध्या पुरी मिडिल स्कूल में अतिरिक्त कक्ष व पेवर ब्लॉक कार्य 14 लाख कुल 43 लाख के कार्यों का भूमिपूजन किया।

### एनटीपीसी कंट्रोल रूम से कॉपर वायर चोरी करने वाले 2 युवक गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा यू बी एस चौहान, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री विमल कुमार पाठक के मार्गदर्शन पर लगातार जुआ, सट्टा, आबकारी, नारकोटिक्स एक्ट एवं अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही हेतु निर्देशित करने के परिपालन में थाना प्रभारी दीपका प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में दीपका पुलिस टीम के द्वारा लगातार कठोर कार्यवाही कि जा रही है। इसी क्रम में कंट्रोल रूम सीकरी से 150मीटर कॉपर वायर चोरी करने वाले गिरोह पर कठोर कार्यवाही करने में दीपका पुलिस कोरबा को सफलता प्राप्त हुई है। प्रार्थी राजन पिता वर्जिश निवासी सिचाई कॉलोनी रायपुर द्वारा थाना दीपका में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि दिनांक 20/12/2024 की रात्रि को एनटीपीसी कंट्रोल रूम सीकरी लोडिंग पॉइंट से 150 मीटर कॉपर वायर को अज्ञात लोगों द्वारा चोरी कर लिया गया है, उक्त रिपोर्ट को तत्काल संज्ञान में लेते हुए दीपका पुलिस द्वारा आरोपियों को पकड़ा गया और उनके कब्जे से चोरी के मशरूका को बरामद कर जप्त किया गया है तथा आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है।

## संपादकीय

# भारत में आर्थिक अज्ञान का साया आज भी घना

फिर भी भारतीय की आर्थिक प्रगति का नैरेटिव पेश किया जाता है, तो उसे दुस्साहस ही कहा जाएगा। अगर इस कथानक को लोग स्वीकार करते हैं, तो उसका यही अर्थ माना जाएगा कि भारत में आर्थिक अज्ञान का साया आज भी घना है। वित्त वर्ष 2023-24 में कृषि पर निर्भर श्रमिकों की संख्या 25 करोड़ 90 लाख तक पहुंच गई। इसके पहले वाले वित्त वर्ष में ये 23 करोड़ 30 लाख थी। इस तरह 2017-18 से भारतीय अर्थव्यवस्था की पीछे की ओर शुरू हुई दौड़ ना सिर्फ जारी है, बल्कि उसकी रफ्तार और तेज हो गई है। इसे इसलिए पीछे की ओर दौड़ कहा गया है, क्योंकि हर विकसित अर्थव्यवस्था की दिशा यह रही है कि लोग रोजगार के लिए कृषि से उद्योग या सेवा क्षेत्र की ओर जाते हैं। विकसित होने का एक पैमाना यह दिशा भी है। आंकड़ों के मुताबिक 2004-05 से 2016-17 तक भारत भी इसी दिशा में बढ़ रहा था। उस दौरान कृषि पर निर्भर श्रमिकों की संख्या में छह करोड़ 60 लाख की गिरावट आई थी। उसके बाद दिशा बदल गई। यहां पर इस ओर ध्यान खींचना उचित होगा कि 2016 वह साल था, जब नोटबंदी लागू की गई। साल भर बाद उसके प्रभाव जाहिर होने लगे। उस वर्ष (2017-18) भारत में कृषि निर्भर मजदूरों की संख्या 19 करोड़ दस लाख थी। तब से ये तदाद लगतार बढ़ी है। अब तक इसमें कुल छह करोड़ 80 लाख की वृद्धि हो चुकी है। इस तरह यह साफ है कि 2004-05 से 2016-17 के बीच जो प्रगति हुई, वह पलट कर अब नकारात्मक हो चुकी है। यह भी रेखांकित करने का पहलू है कि इस दरम्यान जिन राज्यों में यह बढ़ोतरी सबसे ज्यादा हुई, वे उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार और राजस्थान हैं, जिन्हें कभी अपमान भाव के साथ बीमारू कहा जाता था। दूसरा ध्यान खींचने वाला पहलू यह है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर निर्भर श्रमिकों के बीच महिलाओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। भारतीय वर्क फोर्स में महिलाओं की स्थिति पहले भी बेहतर नहीं थी। मगर गुजरे सात वर्षों में यह बदतर होती गई है। इसके बावजूद भारतीय की आर्थिक प्रगति का नैरेटिव पेश किया जाता है, तो तथ्यों की रोशनी में उसे दुस्साहस ही कहा जाएगा। अगर इस कथानक को लोग स्वीकार करते हैं, तो उसका यही अर्थ होगा कि भारत में आर्थिक अज्ञान का साया आज भी घना है।

## आलेख

# एक देश,एक चुनाव का आइडिया भी ठीक नहीं

अजीत द्विवेदी

देश में हर साल चुनाव हो या हर छह महीने पर चुनाव हो यह सचमुच अच्छी बात नहीं है। लेकिन इसे रोकने के लिए %एक देश, एक चुनाव' का आइडिया भी ठीक नहीं है। इसका मतलब है कि हर छह महीने पर चुनाव की मौजूदा प्रक्रिया चलती रहे यह भी ठीक नहीं है और सारे चुनाव एक साथ कराए जाएं, यह विचार भी अच्छा नहीं है। इसलिए बीच का रास्ता निकालना सबसे अच्छी बात होगी। बीच का रास्ता क्या हो सकता है, उस पर विचार से पहले यह स्पष्ट करना जरूरी है कि भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश में एक बार में सारे चुनाव कराने का विचार लोकतंत्र की बुनियादी भावना और संघवाद की धारणा को कुछ न कुछ जरूर प्रभावित करेगा। भले यह लोकतंत्र या संघवाद के पूरी तरह खिलाफ नहीं हो लेकिन इन दोनों सिद्धांतों पर इसका निश्चित असर होगा। अगर सारे चुनाव एक साथ होते हैं तो संचार तकनीक के मौजूदा दौर में प्रदेशों के और विधानसभा स्तर के स्थानीय मुद्दे गौण हो जाएंगे। उसकी बजाय राष्ट्रीय मुद्दे अहम हो जाएंगे। अभी ही नरेंद्र मोदी से लेकर अरविंद केजरीवाल तक अनेक नेता ऐसे हैं, जो कहते हैं कि हर सीट पर वे ही चुनाव लड़ रहे हैं। यानी मतदाताओं को उम्मीदवार नहीं देखना चाहिए और नेता का चेहरा देख कर वोट करना चाहिए। एक देश, एक चुनाव' की स्थिति में यह विचार प्रमुखता पा जाएगा। उससे स्थानीय मुद्दों के साथ साथ स्थानीय नेताओं का महत्व भी कम होगा और छोटे छोटे काम कराने में भी आम लोगों को परेशानी होगी। इसके अलावा कई और व्यावहारिक समस्याएं आएंगी। जैसे समय से पहले लोकसभा या किसी राज्य की विधानसभा भंग होने पर वहां बची हुई अवधि के लिए चुनाव कराना होगा। इससे बार बार चुनाव की संभावना तो बनी ही रहेगी और साथ ही चुनाव खर्च में कटौती का तर्क भी ध्वस्त हो जाएगा। एक साथ चुनाव कराने से पहले लोकसभा के कार्यकाल के साथ राज्यों की विधानसभाओं की एकरूपता बनाना भी एक बड़ी तकनीकी कवायद होगी। तभी एक देश, एक चुनाव' के भारी भरकम कवायद में पडने़ की बजाय मौजूदा प्रक्रिया में सुधार करके इसे बेहतर बनाया जा सकता है। हैरानी की बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 10 साल से ज्यादा समय से एक देश, एक चुनाव' की बात कर रहे हैं लेकिन हर साल या हर छह महीने पर होने वाले चुनाव की प्रक्रिया को बदलने के लिए उन्होंने कोई ठोस पहल नहीं की। अगर सरकार और चुनाव आयोग चाहते तो अब तक देश में चुनाव की प्रक्रिया पटरी आ चुकी होती। हर छह महीने में चुनाव कराने की जरुरत ही नहीं रह जाती। इसके लिए बहुत छोटे छोटे बदलाव करने थे। दूसरी अहम बात यह है कि पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने की बजाय दो चरण में चुनाव कराने का विचार ज्यादा व्यावहारिक है। लोकसभा के साथ आधे राज्यों के चुनाव कराए जा सकते हैं और बाकी आधे राज्यों के चुनाव दो या ढाई साल के अंतराल पर कराए जा सकते हैं। पांच साल में दो बार चुनाव का विचार इसलिए व्यावहारिक है कि दो बार चुनाव कराने में ज्यादा बोझ नहीं पड़ेगा और दूसरे अगर पहले चरण के किसी चुनाव वाले राज्य में या केंद्र में सरकार गिरती है और विधानसभा या लोकसभा भंग होती है तो अगले चुनावी चक्र के लिए लंबा इंतजार नहीं करना होगा। अमेरिका में दो बार में चुनाव होते हैं। राष्ट्रपति के चार साल के कार्यकाल के ठीक बीच में यानी उसके चुनाव के दो साल बाद मध्यावधि चुनाव होते हैं और उस समय संसद के निचले सदन यानी हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स के 435 सदस्य और सीनेट के 33 या 34 सदस्यों का चुनाव होता है। साथ ही देश के 50 राज्यों में से 34 राज्यों के गवर्नर का चुनाव मध्यावधि चुनाव के समय होता है। भारत में भी इस तरह की व्यवस्था बनाई जा सकती है। लोकसभा के चुनाव के साथ कुछ राज्यों के चुनाव हो जाएं और उसके ठीक ढाई साल बाद मध्यावधि चुनाव हों, जिनमें बाकी राज्यों के चुनाव कराए जाएं। अगर सरकार इस विचार के प्रति सचमुच गंभीर होती तो पहले ही यह प्रयास शुरू हो गया होता और अब तक सब कुछ पटरी पर आ गया होता। मिसाल के तौर पर इस साल लोकसभा के साथ चार राज्यों आंध्र प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के चुनाव हुए। इससे एक साल आगे पीछे में 14 राज्यों के चुनाव हुए हैं या होंगे।

# देश में पुरुष प्रताडऩा का औचित्य...

डा. वरिंदर भाटिया

पुरुष आयोग की मांग कर रहीं एक महिला सामाजिक कार्यकर्ता का कहना है कि हमारे समाज में जब पुरुष के ऊपर अत्याचार होता है तो उनकी सुनने वाला भी कोई नहीं होता है। वह कहती हैं कि हमारे पास बहुत सारे ऐसे मामले आते हैं, जिनमें पुरुष अपनी ही पत्नियों से प्रताड़ित रहते हैं। पत्नी के द्वारा गलत आरोप लगाकर पारिवारिक न्यायालय में केस दर्ज कराया जाता है। इस तरह के केसों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। इसके पीछे कई कारण हैं। उन्होंने कहा कि हर महिला या हर पुरुष एक समान नहीं होता है। कुछ महिलाएं सीमाओं का उल्लंघन करती हैं पुरुष प्रताडऩ् से जुड़ा ताजा मुद्दा पूरे देश में सुर्खियां बटोर रहा है। बेंगलुरू में इंजीनियर अतुल सुभाष (34) ने इसलिए आत्महत्या कर ली क्योंकि वह अपनी पत्नी की ओर से लगाए गए आरोपों से परेशान हो चुका था। उसका आरोप था कि एक के बाद एक धाराएं उस पर और उसके परिवार वालों पर लगाई गईं। हमारे समाज में सिर्फ अतुल का ही नहीं, बल्कि बहुत सारे ऐसे मामले आए हैं जिनमें पुरुषों ने महिलाओं के आरोपों से प्रताड़ित होकर आत्महत्या कर ली। आज पुरुष उत्पीडऩ् का मुद्दा गंभीर बना हुआ है। विशेषज्ञों के मुताबिक, पुरुष उत्पीडऩ् के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पुरुष अक्सर अपने उत्पीडऩ् की बात खुलकर कहने में झिझकते हैं। समाज में बनी इस धारणा के कारण कि महिलाएं ही पीड़ित होती हैं, पुरुषों की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जाता। मनोविज्ञानी कहते हैं कि महिलाओं की प्रमुख शिकायतें अक्सर पुरुषों के नशे में हिंसक होने, विवाहेत्तर संबंध रखने या परिवार की उपेक्षा करने से जुड़ी होती हैं। इन पर कार्रवाई होती है, लेकिन पुरुषों की ऐसी शिकायतों को क्यों उतनी तवज्जो नहीं मिलती। गौरतलब है कि समाज में महिलाओं के अधिकारों और उनकी सुरक्षा के लिए कई सशक्त कानून बनाए गए हैं। इनसे महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों पर लगाम लगाई जा रही है, लेकिन दूसरी तरफ पुरुषों के उत्पीडऩ् का मुद्दा अब भी गंभीर अनदेखी का शिकार है। पुरुष उत्पीडऩ् का सीधा असर उनके मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। कई बार यह हताशा उन्हें आत्महत्या जैसे कदम उठाने के लिए मजबूर कर देती है। बेंगलुरु के अतुल सुभाष का



मामला इसका ताजा उदाहरण है। भारत में अभी तक ऐसा कोई सरकारी अध्ययन या सर्वेक्षण नहीं हुआ है जिससे इस बात का पता लग सके कि घरेलू हिंसा में शिकार पुरुषों की तादाद कितनी है, लेकिन कुछ गैर सरकारी संस्थान इस दिशा में जरूर काम कर रहे हैं। 'सेव इंडियन फैमिली फाउंडेशन' और 'माई नेशन' नाम की गैर सरकारी संस्थाओं के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि भारत में नब्बे फीसदी से ज्यादा पति तीन साल की रिलेशनशिप में कम से कम एक बार घरेलू हिंसा का सामना कर चुके होते हैं। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पुरुषों ने जब इस तरह की शिकायतें पुलिस में या फिर किसी अन्य प्लेटफॉर्म पर करनी चाही तो लोगों ने इस पर विश्वास नहीं किया और शिकायत करने वाले पुरुषों को हंसी का पात्र बना दिया गया। कुछेक महिलाओं द्वारा पुरुषों को प्रताड़ित करने से, पुरुषों द्वारा आत्महत्या के मामलों में वृद्धि हो रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक देश में पुरुषों की आत्महत्या की दर महिलाओं की तुलना में दोगुने से भी ज्यादा है। इसके पीछे तमाम कारणों में पुरुषों का घरेलू हिंसा का शिकार होना भी बताया जाता है जिसकी शिकायत पुरुष किसी फोरम पर कर भी नहीं पाते हैं। उनमें सबसे बड़ा तर्क यह है कि महिलाओं को सुरक्षा देने के जो कानून बने हैं, उनके दुरुपयोग से पुरुषों को प्रताड़ित किया जाता रहा है। मौजूदा कानून धारा 498-ए, अमरीका के जिस कानून से प्रेरित होकर यह कानून बनाया गया था, वह अमरीकी कानून जेंडर निरपेक्ष है और उसमें पुरुषों की प्रताडऩा के मामले भी देखे जाते हैं। पिछले 20 वर्षों से पुरुष प्रताडऩा के केस तेजी से बढ़े हैं। आज इंजीनियर अतुल सुभाष के साथ ऐसा हुआ है, कल किसी और के साथ ऐसा होगा। ऐसे में सरकार को पुरुषों के हित में कोई न कोई कानून जरूर बनाना चाहिए। अतुल पढ़े लिखे शख्स थे। उन्होंने अपनी आपबीती पूरी दुनिया को सुनाई, फिर उसके बाद उन्होंने आत्महत्या का कदम उठाया, लेकिन बहुत सारे ऐसे पुरुष हैं जिनके बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं होती है। वे अंदर ही अंदर परेशानियों से लड़ते, झगड़ते व जूझते हैं। केस के चक्कर में घर, जमीन, जायदाद सब बिक जाता है। लेकिन, किसी को कानोंकान खबर तक नहीं होती है। हमें उन बेकसूरों को भी इंसाफ दिलाने के लिए आवाज उठानी है, ताकि भविष्य में कभी किसी दूसरे अतुल के साथ इस तरह की घटना न हो। इस समय ऐसे मामलों में काफी वृद्धि हो रही है, लेकिन क्या इन घटनाओं के कारण झूठे हैं या नहीं, इसका जवाब तो आत्मदर्शन से भी आसानी से मिल सकता है। महिलाओं द्वारा पुरुषों पर हिंसा आज एक आम समस्या बन गई है। इसमें आर्थिक, शारीरिक, यौन और भावनात्मक शोषण के साथ-साथ मनोवैज्ञानिक दुर्व्यवहार भी शामिल है, जो किसी व्यक्ति के मनोवैज्ञानिक और शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। पुरुष और महिलाएं भी लिंग आधारित हिंसा की शिकार हैं। भारत जैसे देश में, जो सदियों से पुरुष प्रधान रहा है, लोगों के लिए यह विश्वास करना कठिन है कि पुरुष भी महिलाओं की तरह घरेलू हिंसा के शिकार हो सकते हैं। इसका एक कारण यह हो सकता है कि भारत में किसी भी कानून में पुरुषों के खिलाफ घरेलू हिंसा को मान्यता नहीं दी गई है। हालांकि, आम धारणा के विपरीत, महिलाओं द्वारा मनोवैज्ञानिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित होने वाले पुरुषों की संख्या बढ़ रही है। देश में मौजूदा कानूनों को देखते हुए, ऐसा कोई खास कानून नहीं है जो पुरुषों को अंतरंग साथी की हिंसा से बचाता हो। भारतीय संविधान कहता है कि सभी नागरिकों को जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार है। फिर पुरुष इसका अपवाद कैसे हो सकते हैं? इस क्षेत्र में घरेलू हिंसा को रोकने और कम करने के लिए, लिंग तटस्थ कानून लागू किए जाने चाहिएं और लिंगवादी कानून नहीं बनाए जाने चाहिएं। पुरुषों के खिलाफ मानसिक और शारीरिक प्रताडऩा न तो अब संवेदनहीन मुद्दा है, न ही इस पर बात करना महिला अधिकारों का किसी प्रकार का अतिक्रमण है। जहां तक पुरुषों के उत्पीडऩ् का प्रश्न है, इस पर बात करना मानव अधिकारों का, समाज में संतुलन बनाए रखना है। एक देशी डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'मार्टर्स ऑफ मैरिज' में ऐसे पुरुषों की कहानी बयां की गई है जिन्होंने झूठे केस में फंसाए जाने के बाद आत्महत्या कर ली। अतुल सुभाष का मामला इससे मिलता जुलता है। पुरुष आयोग की मांग कर रहीं एक महिला सामाजिक कार्यकर्ता का कहना है कि हमारे समाज में जब पुरुष के ऊपर अत्याचार होता है तो उनकी सुनने वाला भी कोई नहीं होता है। वह कहती हैं कि हमारे पास बहुत सारे ऐसे मामले आते हैं, जिनमें पुरुष अपनी ही पत्नियों से प्रताड़ित रहते हैं। पत्नी के द्वारा गलत आरोप लगाकर पारिवारिक न्यायालय में केस दर्ज कराया जाता है। इस तरह के केसों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। इसके पीछे कई कारण हैं। उन्होंने कहा कि हर महिला या हर पुरुष एक समान नहीं होता है। कुछ महिलाएं जो इस तरह की घटनाओं को अंजाम देती हैं, उनके मन मुताबिक जब चीज नहीं होती है तो उस पर वह तलाक के लिए पारिवारिक न्यायालय जाती हैं। केस दर्ज करते समय तमाम धाराओं के साथ पति पर केस दर्ज करा देती हैं। क्या ऐसे मामले झूठ होते हैं या सच, इसका हम सबको आत्मज्ञान होना चाहिए।

# अब सब विपक्षी दल वापस एकजुट होने लगे

शकील अख़्तर

कांग्रेस और सभी विपक्षी दल इस मुद्दे को छोड़ेंगे नहीं। इंडिया गठबंधन वापस एकजुट होने लगेगा। मगर अमित शाह ने अंबेडकर का मुद्दा ऐसा दिया कि अब सब विपक्षी दल वापस एकजुट होने लगे हैं। बुधवार को संसद में अमित शाह के खिलाफ प्रदर्शन में सब शामिल हुए। राहुल के जाति गणना मुद्दे को भी इससे बल मिलेगा। जाति गणना का सबसे बड़ा फायदा ओबीसी को मिलने वाला है। दलित की आदिवासी की संख्या तो सबको मालूम है। वन नेशन वन इलेक्शन' का हेडलाईन मेनेजमेंट एक दिन भी नहीं चल सका। भाजपा राहुल की पिच पर फंस गई। मंगलवार की सुबह सारे चुनाव एक साथ का बिल लोकसभा में पेश हुआ और उसी दिन शाम को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में यह कहकर कि एक नया फैशन चला है अंबेडकर अंबेडकर अंबेडकर . . ..! अगर इतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। राहुल गांधी ने लपक कर इस बात को सही साबित कर दिया कि भाजपा के मन में डा. आंबेडकर और संविधान के लिए कोई सम्मान नहीं है। अमित शाह की टिप्पणी के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने, जिन्होंने एक दिन पहले संविधान पर बोलते हुए ही कहा था कि आरएसएस और भाजपा तिरंगे, अशोक चक्र और संविधान से नफरत करती है एक कदम और आगे बढ़ाते हुए कहा कि आंबेडकर से भी नफरत करती है। बुधवार को विपक्ष के सासंदों ने संसद परिसर में अमित शाह माफी मांगों के नारों के साथ प्रदर्शन किया। और उसके बाद अंदर जाकर दोनों सदनों में इस मांग को जोरदार तरीके से उठाया। मोदी सरकार के लिए यह बड़ी मुश्किल आ गई। अभी संविधान पर चर्चा के दौरान उनका सारा फोकस इस बात पर था कि कांग्रेस ने अंबेडकर को पर्याप्त सम्मान नहीं दिया। मगर अब उसके उपर ही बाबा साहब अंबेडकर के अपमान का सीधा आरोप आ गया है। अंबेडकर देश के 20 प्रतिशत दलितों के लिए वाकई भगवान का दर्जा रखते हैं। वह उनका संविधान ही है जिसने आरक्षण के जरिए उनके बड़े वर्ग को पीढ़ीगत काम से निकालकर शहरी मध्यम वर्ग बनाया। शिक्षा में वजीफा, उनके लिए अलग बनाए गए होस्टल, उच्च शिक्षा में आरक्षित सीटें और फिर नौकरी में आरक्षण ने 75 सालों में वह कर दिखाया जो पहले कोई सोच भी नहीं सकता था। इसके साथ लोकसभा, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव में आरक्षण ने उन्हें राजनीतिक रुप से मजबूत बनाया। नौकरी के आरक्षण ने आर्थिक ताकत के साथ सामाजिक हैसियत और चुनाव प्रणाली में आरक्षण से सत्ता में भागीदारी दी। पांच हजार साल तक अछूत बने रहने वाले सारे मानवीय अधिकारों से वंचित देश के इस समुदाय के लिए बाबा साहब आंबेडकर भगवान नहीं तो और क्या हैं? कांग्रेस और समूचे विपक्ष को यह एक बहुत बड़ा मुद्दा मिल गया है। खरगे का सवाल है कि क्या अंबेडकर का नाम लेना गुनाह है? खुद दलित समुदाय से आने वाले खरगे ने कहा कि अमित शाह का राज्यसभा में संविधान पर बोलते हुए सवाल था कि क्या अंबेडकर बहुत बड़े आदमी थे? जो अंबेडकर, अंबेडकर करते हो! कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि उनके इस बयान से देश में आग लग जाएगी। उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। और देश से माफी मांगना चाहिए। अंबेडकर दलितों आदिवासियों के भगवान हैं। कांग्रेस महासचिव और खुद दलित समाज से आने वाली कुमारी सैलजा ने कहा कि संविधान हमारा सबसे बड़ी किताब है और बाबा साहब अंबेडकर हमारे भगवान। दलितों की तरह आदिवासी भी डा. आंबेडकर को अपना उद्धारक मानते हैं। और अन्य पिछड़ा समुदाय ओबीसी जिसकी आबादी 50 प्रतिशत के करीब है भी डा अंबेडकर के सामाजिक न्याय के सिद्धांत का बड़ा लाभार्थी समूह है। दलित 20 प्रतिशत, आदिवासी 9 प्रतिशत और लगभग 50 प्रतिशत के आसपास ओबीसी इतना बड़ा समूह देश का अंबेडकर के विचारों और उनके बनाए संविधान से लाभान्वित हुआ है। इसलिए खरगे ने कहा कि उनका अपमान देश में आग लगा देगा। अंबेडकर कितनी बड़ी चीज हैं वह इससे समझिए कि कांग्रेस और भाजपा दोनों समान भाव से उनका नाम लेते हैं। अभी चार दिन संविधान पर चर्चा में उनका ही नाम गुंजता रहा। मायावती, रामविलास पासवान ने उनका नाम लेकर ही अपनी पार्टियां चलाई। दलितों में उनका नाम ही वोट ही गारंटी है। जब ये दोनों नेता इनकी पार्टी नहीं थीं तो कांग्रेस ही उनकी विरासत संभालती थी। और लंबे समय तक दलित वोटों की एक मात्र प्राप्तकर्ता थी। मगर बाद में कांशीराम और मायावती ने इसे कांग्रेस से छीना और उत्तर प्रदेश में चार बार मुख्यमंत्री पद प्राप्त किया। और फिर भाजपा की धर्म की राजनीति ने दलित वोट को मायवती से भी छीन लिया। लेकिन सरकारी नौकरियां नहीं निकलने और इससे उन्हें आरक्षण का फायदा नहीं मिलने, तेजी से किए जा रहे नीजिकरण जहां दलितों के लिए नौकरी नहीं थी और डायरेक्ट भर्ती लेटरल एंट्री जिसमें आरक्षण नहीं था के बाद 2014 के लोकसभा चुनाव में यह समुदाय बीजेपी से भी छिटका और कांग्रेस एवं इन्डिया गठबंधन के साथ आया। यूपी में भाजपा को इसने बहुत बड़ा झटका दिया। लोकसभा में भाजपा दूसरे नंबर की पार्टी बन गई। समाजवादी पार्टी को 37 सीटें मिलीं और भाजपा 33 पर रह गई। कांग्रेस को 6 मिलीं। और बसपा जीरो। जबकि पिछले चुनाव 2019 में भाजपा को 61 सीटें मिली थीं। मायावती से मोहभंग के बाद बीजेपी धर्म के नाम पर दलितों को अपने साथ लाई। और भावनात्मक रूप से उनसे संबंध बनाने के लिए वह डा. अम्बेडकर का नाम भी लेने लगी। दलितों का अंबेडकर से बहुत गहरा लगाव है। उनका जीवन अंबेडकर ने बदला। वे उनके लिए मसीहा हैं। अमित शाह का यह कहना कि क्या अंबेडकर अंबेडकर करते हो भाजपा को बहुत मंहगा पड़ेगा।

# कितना उचित है धार्मिक आराध्यों का उपहास

-श्याम सिंह 'पंवार'
पत्रकार, कानपुर (उप्र)

भारत की व्यवस्था का संचालन भले ही संवैधानिक है लेकिन धार्मिकता का



भी अपना एक अनूठा स्थान है क्योंकि संविधान ने किसी भी नागरिक को किसी भी धर्म की आस्था अथवा उनके आराध्यों के साथ खिलवाड़ अथवा उनका उपहास उड़ाने की अनुमति कतई नहीं देता है । बावजूद इसके शहर के कुछ प्रतिष्ठानों में ऐसे नजारे प्रकाश में आये हैं जिनको देखकर आश्चर्य हुआ कि अपने प्रतिष्ठानों में गलियारों एवं सीढ़ियों को गंदगी से बचाने के लिये धार्मिक चित्रों को स्थापित करवा दिया गया है । खास पहलू यह है कि प्रतिष्ठानों के मालिकों की नजर में ऐसा कृत्य किसी भी नजरिये से अनुचित नहीं है जबकि सनातन ही नहीं अपितु हर धर्म के आस्थावान लोगों के नजरिये से ऐसा कृत्य उनकी आस्था के साथ खिलवाड़ है । उनका मानना है कि ऐसा करने वाले लोगों ने यह कृत्य अनजाने में नहीं बल्कि जानबूझ कर किया है क्यों कि बड़े-बड़े प्रतिष्ठान चलाने वाले ये लोग, अनपढ़ अथवा नासमझ नहीं बल्कि उच्च शिक्षित व विधिक जानकारी रखने वाले लोग हैं ।

बिगत दिनों पहला मामला शहर के स्वरूपनगर में प्रकाश में प्रकाश में आया, जहाँ मोतीझील मेट्रो स्टेशन के निकट स्थित नादरी कार्नर मार्केट में हिन्दू धर्म के देवी-देवाताओं के चित्रों को उन स्थानों पर स्थापित किया गया था, जिन स्थानों पर लोग मौका पाते ही पान-तम्बाकू की 'पीक' थूक देते थे । ऐसे में गन्दगी होना स्वाभाविक सी बात है लेकिन खेदजनक नजारा यह रहा कि उन स्थानों पर लोग न थूकें, इस लिये हिन्दू धर्म के देवी-देवताओं के चित्रों को स्थापित करवा दिया गया था ।

मामला प्रकाश में आया और शहर के कई समाचारपत्रों ने इस मामले को आमजन में प्रसारित किया। इस बारे में जनप्रतिनिधियों की राय भी मांगी तो उन्होंने अपनी-अपनी घिसी-पिटी बयानवाजी देकर औपचारिकता निभा दी । लेकिन, कई समाचारपत्रों में खबर प्रकाशित होने पर परिणाम यह हुआ कि नादरी कार्नर मार्केट से देवी-देवताओं के



चित्रों को हटा दिया गया और मामले को रफा-दफा कर दिया गया ।

अब नया मामला सिविल लाइंस स्थित लीलामणि अस्पताल से प्रकाश में आया है। जानकारी के मुताबिक, मरीजों और तीमारदारों के आवागमन के लिए बने रैम्प के आसपास की दीवारों को गंदगी से बचाने के लिए अनेक धर्मों के आराध्यों के चित्रों के टाइल्स लगाये गए हैं । ऐसा पता चला है कि यहाँ आने-जाने वाले लोग इन स्थानों पर न थूकें अथवा गंदगी करें, इसी उद्देश्य से कई धर्मों के आराध्यों के चित्रों वाले टाइल्स लगवाये गये हैं । ऐसे में विचारणीय पहलू यह है कि अस्पताल प्रबन्धन के नजरिये में ऐसा करना गलत नहीं हो सकता है लेकिन धार्मिक नजरिये से इसे उचित कतई नहीं कहा जा सकता है कि धार्मिक आराध्यों के चित्रों को उन स्थानों पर लगवा दिया जाये जहाँ लोग बेपरवाह होकर गंदगी फैला देते हैं ।

उपरोक्त प्रकरणों पर गम्भीरता से विचार करने पर सवाल यह उठता है कि लोगों को गंदगी फैलाने से रोकने के लिए धार्मिक प्रतीक चिन्हों, उनके आराध्यों के चित्रों को लगाना क्या उचित है ?

क्या ऐसा कृत्य धार्मिकता का उपहास उड़ाना व आस्थावान लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं है ?

गौरतलब हो कि, ''जो कोई (व्यक्ति), भारत के नागरिकों के किसी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के लिये जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण इरादे से, मौखिक या लिखित शब्दों द्वारा, या संकेतों या दृश्य चित्रणों द्वारा या अन्यथा उस वर्ग के धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करता है या अपमान करने का प्रयास करता है, उसे किसी एक अवधि के लिए कारावास से, या जुर्माना, अथवा दोनों से दंडित किया जाएगा'' अर्थात भारत के संविधान में किसी भी नागरिक को किसी भी किसी भी धर्म की आस्था से खिलवाड़ करने की खुली छूट नहीं है बल्कि किसी भी धर्म की आस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों को विधिक प्रक्रिया के तहत दण्डित करने का प्रावधान है ।

अस्तु जिला प्रशासन को चाहिये कि ऐसे सभी मामलों को संज्ञान में ले और सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज करवा कर विधिक प्रक्रिया के तहत कार्यवाही करवाये ।

# राजुल, सीता, मनोरमा, अंजना और सोमा की कथा सुनना चाहिए : आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज

## दिगंबराचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ के बढते कदम नांदणी की ओर



**बेळगांवी/कर्नाटक (विश्व परिवार)।** जयदु जिणिंदो महावीरों। जीवन के दु:ख किसी को सुनाना है, जीवन के दोष भी किसी को बताना है, तो केवल अपने गुरू को ही बताना। और अन्य किसी को बताने से कोई लाभ नही। यहाँ तक अपने पिता को भी नहीं बताना। पत्नी को तो बिल्कुल भी नहीं बताना। माताओ बुरा नही मानना। जो है सो है, जैसे माँ ममता रखती है, ऐसे पत्नी को भी अपने पती के प्रती उतनेही भाव रखना चाहिए। जैसे वो अपने पुत्र के प्रती रखती है। उसको इतना विवेक होना चाहिए। भले ही मेरा पती है। पर किसी का बेटा तो है। उसकी अंदर की बात तुम सुनकर के अपने बाहर मत करो।

सच्ची पत्नी और सच्चे पती कौन है? सच्ची पत्नी वो है, अपने पती की दु:ख की सुख की बातें अपने माँ को भी नहीं बताती, वो ही सच्ची पत्नी है। अगर तुम सच्चे पती हो तो अपने पत्नी की अंदर की कितनी भी बाते कैसी भी हो आप अपने बेहन और माँ को कभी भी मत बताना। जिसने अपने पत्नी की बाते बेहन को बताना सिखलिया हैं, उसका घर नष्ट हो जायेगा।

इतिहास साक्षी है पता नहीं कौनसा ऐसा रोग है, पती की बेहन भाभी को क्यों नही चाहती है। इन बेहनों को चाहिए। अपना घर नहीं मिटाना चाहती हो तो अपने माँ के, भाई के घर को भी मत मिटाओ। ये घर सुरक्षित रहेगा। तो उनको श्रावण के महिने में राखी बांधने को मिलेगा। और खाने को मिठा भोजन मिलेगा, सन्मान मिलेगा। आप भाई पे जैसे प्रीती रखते हो, वैसे ही उसकी पत्नी पर भी प्रीती रखो। ये बैर छोड देना चाहिए। सासू माँ का कर्तव्य है, समयसार को समझना है तो इस बात को भी समझना पडेगा। सासू माँ का कर्तव्य है की माँ जितना तुम अपने बेटी को चाहती हो उतना ही बहू को चाहिए। बेटियों को राजुल की कथा सुनना चाहिए। और शादीशुदा को सीता की कथा सुनना चाहिए। मनोरमा की कथा सुनना चाहीए। सोमा की कथा सुनना चाहिए। अंजना की कथा सुनना चाहिए। वात्सल्य से रहो। इससे संस्कृती सुरक्षित रहे। यदि आप जैनत्व को बचाके रखना चाहते हो, संस्कृती को जीवित रखना चाहते हो, भारत की महिमा को जीवित रखना चाहते हो, तो बेटा जहाँ प्रभू का अभिषेक होता हो, मुनी को आहार दान दिये जाते हो, जिनवाणी का वाचन होता हो बेटा ऐसे घर की बिटिया ही लेके आना। खुशहाल चाहते हो जीवन, आनंद से जिना चाहते हो, विश्वास रखना, बडों का अपमान मत करना। मत लढना बडो से। बडों को सन्मान देना सीखो। नमोस्तु शासन जयवंत हो।–**अभिषेक अशोक पाटील**

# शब्दों के साथ जब आत्मा के तार जुड़ जाते हैं तो वही विद्या की सिद्धी हो जाती है : मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज



**विदिशा (विश्व परिवार)।** विद्या ही सबसे बड़ा धन है, विद्या से बड़ा कोई धन नहीं, जिस दिन आपके पास विद्या के रुप में सरस्वती आ गई समझना आपसे बड़ा धनवान कोई दूसरा नहीं। शब्दों को पढ़ने और रट लेने से विद्या की अनुभूति नहीं होती, शब्दों के साथ जब आत्मा के तार जुड़ जाते हैं तो वही विद्या की सिद्धी हो जाती है। उपरोक्त उद्‌गार मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज ने दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर किलाअंदर में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के प्रथम दिवस प्रात:प्रवचन सभा में व्यक्त किये।

मुनि श्री ने कहा कि लोग कहते है कि महाराज जी आजकल धन की बाहुलता है, जिसके पास धन है उसी की पूंछ परख होती है, मुनि श्री ने अपना उदाहरण देते हुये कहा कि हमारे पास तो कुछ भी धन नहीं फिर भी देख लो हमारी बहूत पूंछ परख है, उन्होंने युवाओं को सम्वोधित करते हुये कहा कि आजकल के युवा पैकेज के पीछे भागते है उन्होंने कहा कि धन के पीछे मत भागो धन आज है कल विनष्ट हो जायेगा लेकिन जो ज्ञान और विद्या आपने हांसिल कर ली वह कभी विनष्ट नहीं होगी।उन्होंने कहा कि आजकल डिग्री तो मिल जाती है लेकिन प्रक्टिकल ज्ञान के अभाव में डिग्री की कोई कींमत नहीं होती और हम देख रहे है कि इंजीनियरिंग की डिग्री ले ली और इधर उधर चप्पल चटकार रहे है।वंही दूसरी और जिनके पास ज्ञान है वह अपने अनुभव से कमाई कर रहे है।पहले की शिक्षा ज्ञान की होती थी धन और धन बालों के पीछे मत भागना ज्ञान एक ऐसी विद्या है, कि उससे बड़ी कोई सम्पत्ति नहीं ज्ञान पाने के लिये हमें बहूत बड़ी साधना करना पड़ती है तब कंही जाकर हमें वह ज्ञान प्राप्त होता है।उन्होंने कहा कि मात्र शव्दों को पड़ना और उनको रट लेंने से अनुभुति नहीं होती, शव्दों के साथ जब आत्मा के तार जुड़ जाते है तो विद्या प्राप्त हो जाती है, साधू का आकृषण विद्या और ज्ञान के प्रति होंना चाहिये, भगवान के द्वार पर नौ रत्न और 14 रिद्धीयां ऐसे ही पड़ी रहती है फिर भी वह उनकी और देखते तक नहीं। मुनि श्री ने कहा कि किलाअंदर का यह मंदिर अदभुत हैइतना अदभुत मंदिर का सही से ध्यान रखोगे तो यह खजुराहो के मंदिर से कम नहीं होगा।–**अविनाश जैन**

# गायत्री नगर में प्रथम विश्व ध्यान दिवस पर हुआ सामूहिक ध्यान और योग

**मुनि श्री प्रणम्यसागर जी महाराज ने कहा- हमारे अंतरंग में अनंत शक्तियां विद्यमान हैं**




**जयपुर (विश्व परिवार)।** परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य अर्हम ध्यान योग प्रणेता परम पूज्य मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में प्रथम विश्व ध्यान दिवस 2024, 21 दिसंबर को प्रात: 7:30 बजे से 9:00 बजे तक दिगम्बर जैन मंदिर महारानी फार्म, गयात्री नगर, जयपुर में मंदिर प्रबंध समिति के तत्वावधान में ध्यान शिविर का आयोजन रखा गया।

मंदिर प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष अरुण शाह ने अवगत कराया कि इस अवसर पर सर्वप्रथम अर्हम ध्यान योग के कार्यकर्ताओं ने उपस्थित संपूर्ण जैन समाज को अर्हम योग कराया तत्पश्चात मुनि श्री के निर्देशन में अर्हम ध्यान कराया गया। मुनिश्री ने योग एवं ध्यान पर प्रकाश डाला उन्होंने अर्हम के सम्बन्ध में कहा कि हमारे यानि अपने अपने अंतरंग में अनन्त शक्तियां विद्यमान हैं जो ध्यान व योग करने से अपने जीवन में प्रकट होती हैं अत: अर्हम के साथ योग व ध्यान करने से जीवन व शरीर को अनेकों लाभ मिलते हैं, उन्होंने अर्हम के अ, र, ह, म पर विशेष रुप से प्रकाश डाला और ध्यान कराया। उन्होंने बताया कि यह विश्व ध्यान दिवस का 21 दिसंबर आज प्रथम दिन है आज से ही यह दिवस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर घोषित हुआ है आज गायत्री नगर महारानी फार्म वालों का सोभाग्य है।

आज के मुख्य अतिथि अजीत छाबड़ा परिवार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन पाद् प्रक्षालन, शास्त्र भेंट कर पुन्यार्जन प्राप्त किया, मंदिर प्रबन्ध समिति की ओर से अनिल गदिया, अनिल जैन महावीर जी वाले, कान्ता जैन बास्को वाली, आनन्द जैन, एवं उदयभान जैन बड़जात्या ने समस्त छाबड़ा परिवार का सम्मान किया गया।

धर्म सभा का संचालन अरूण शाह ने किया। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबडा ने बताया कि मुनि श्री 10 दिसंबर से गायत्री नगर में प्रवासरत हैं जहां अनेकों धार्मिक कार्यक्रम हुए हैं उनके सानिध्य व उनके निर्देशन में 11 दिसंबर से न्याय दीपिका अध्ययन शिविर लगाया गया जो 22 दिसंबर तक चला उक्त शिविर में विभिन्न प्रांतो से शिविरार्थी उपस्थित हुए जिसमें स्थानीय जयपुर महानगर समाज के अनेकों महानुभावों ने भी लाभ प्राप्त किया। इस शिविर में मुनि श्री ने एक एक लाइन व शब्द सारगर्भित रूप से समझाते हुए अध्ययन कराया।–**उदयभान जैन**

# तारागांव में हुआ प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम, ग्रामीणों एवं बिहान की दीदियों ने लिया उत्साहपूर्वक हिस्सा



**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व राज्य सरकार के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले के जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पंचायत तारागांव में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में क्षेत्र के पंचायत पदाधिकारियों सहित ग्रामीणों एवं बिहान की दीदियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

इस दौरान बिहान की दीदियों तथा स्कूली छात्राओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया गया। वहीं बिहान की दीदियों ने सुशासन चक्र बनाकर सुशासन शपथ लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री मनीराम कश्यप जनपद पंचायत अध्यक्ष बस्तर श्रीमती टिकेश्वरी मण्डावी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री मोहन मौर्य सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान एसडीएम बस्तर श्री एआर राणा, तहसीलदार भानपुरी श्री लखीराम पांडे, सीईओ जनपद पंचायत श्री भानुप्रताप चुरेंद्र और विभिन्न विभागों के मैदानी अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

# नारी तीर्थकरों और महापुरुषों को जन्म देती है : आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज



**पारसोला (विश्व परिवार)।** प्रथमाचार्य शांति सागर जी महाराज की मूल बाल ब्रह्मचारी पट्टपरंपरा के पंचम पट्टाधीश वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज ससंघ पारसोला सन्मति भवन में विराजित हैं आचार्य श्री संघ के सानिध्य में प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं। आयोजित धर्म सभा में आचार्य श्री ने अपनी धर्म देशना में बताया कि महिलाएं सहनशीलता की पहचान है, नारी के गर्भ से तीर्थंकर, मुनियों, महापुरुषों ने जन्म लिया है।नारी के बिना कोई भी कार्य पूर्ण नहीं होता है। नारी हर क्षेत्र में सफलतापूर्वक कार्य करती है। नारी को परिवार में खान-पान और वेशभूषा मर्यादित रखना चाहिए। बच्चों के संस्कार घर से ही डाले जाते हैं। आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने भ्रूण हत्या पर चिंता व्यक्त कर इसे धर्म के विरुद्ध बताया।

आचार्य श्री के प्रवचन के पूर्व शांतिलाल वेलावत, नमन पचोरी श्याम लाल गोदावत, नाथूलाल कस्तुर चंद अखावत, प्रकाश बोहरा ने प्रथमाचार्य श्री शांति सागर जी एवं पूर्वाचार्यों के चित्रों का अनावरण कर दीप प्रज्वलित किया सुषमा पचौरी, पूजा घाटलिया ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र सेठ ने किया। जयंतीलाल कोठारी अध्यक्ष दशा हूंमड समाज ने बताया कि आचार्य श्री के पारसोला में आहार विहार निहार तथा प्रथमाचार्य श्री शांति सागर जी आचार्य प्रतिष्ठपना शताब्दी महोत्सव में विशेष कर महिलाओं और नगर के समस्त मंडलों द्वारा तन मन धन से अमूल्य सहयोग दिया गया इसी परिपेक्ष्य में नगर के सभी महिला मंडलों का बहुमान स्वागत श्रीफल, माला, स्मृति चिन्ह द्वारा वर्षा योग समिति के अध्यक्ष ऋषभ पचोरी परिवार के द्वारा किया गया। सभी महिला मंडल अपने निर्धारित वेशभूषा में शामिल हुए। ब्रह्मचारी गज्जू भैया एवं राजेश पंचोलिया ने बताया कि उदयपुर के भामाशाह शांतिलाल वेलावत तथा आचार्य सुनील सागर युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नमन पचौरी भी आचार्य श्री वर्धमान सागर जी के दर्शनार्थ पधारे।पारसोला समाज द्वारा उनका भी नगर की गरिमा अनुसार शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह से स्वागत किया गया। –**राजेश पंचोलिया**

# उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनताला में विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित

## एन.एस.एस. अधिकारी रईसुल हसन खान ने शासन की लाभकारी योजनाओं को कराया अवगत



**जशपुर/कुनकुरी (विश्व परिवार)।** सचिव मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शा.उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनताला में एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी रईसुल हसन खान एवं प्राचार्य विनय प्रभा खलखो के मार्गदर्शन में मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, पेंटिंग, पोस्टर प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस आदि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें एन.एस.एस स्वयंसेवक सहित अन्य विद्यार्थीयों ने भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता में महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ, बेटी बढ़ाओ एवं स्वच्छ गांव सुघर गांव पर आकर्षक रंगोली बनाए गए। वहीं बच्चों द्वारा पर्यावरण, स्वच्छता, एक पौधा माँ के नाम, गौ विज्ञान, जनजातीय गौरव पर बेहतर पोस्टर बनाया गया। प्रतिभागियों को प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया गया।

एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी रईसुल हसन खान ने कहा कि प्रधानमंत्री की गारंटी को पूरा करने में छत्तीसगढ़ सरकार अनवरत कार्य करते हुए कामयाबी की राह में लगातार आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना पी.एम. आवास योजना का लाभ हितग्राहीयों को मिल रहा। यह कार्यक्रम हायर सेकेंडरी स्कूल बासनताला में विगत 9 से 20 दिसम्बर को आयोजित किया गया था।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में व्याख्याता ब्लारमी तिर्की, सुमति चौहान, अरुणा कुजूर, एरिका एक्का, व्याख्याता राकेश सिंह विनीता मिंज, ममता टोप्पो, अनुप लकड़ा समेत सभी शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

# कलाभिव्यक्ति महोत्सव में विद्यार्थियों ने बिखेरे नवरस

## आरके सारडा विद्या आश्रम स्कूल में वार्षिक उत्सव सम्पन्न, वेदांतिका त्रिपाठी ने दी रौद्र रस पर जीवंत प्रस्तुति



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आरके सारडा विद्या आश्रम स्कूल में आठवें वार्षिक उत्सव के अवसर पर आयोजित कलाभिव्यक्ति महोत्सव में मंच पर विद्यार्थियों ने नवरसों को अभिव्यक्त करते हुए सुंदर प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर कक्षा 9 वीं की छात्रा वेदांतिका त्रिपाठी ने रौद्र रस पर जीवंत प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में रामकृष्ण आश्रम, रायपुर के सचिव अव्यात्मानंद ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि विद्यालयों का संचालन और अच्छी शिक्षा की व्यवस्था करना समाज की सबसे बड़ी सेवा है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अजीत सील, अध्यक्ष कलाभवन विश्वभारती शांतिनिकेतन, पश्चिम बंगाल ने कहा कि विद्यार्थियों ने नवरसों पर जीवंत प्रस्तुतियां दी हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के विकास और उनमें जीवन मूल्यों के ज्ञान के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। वार्षिक उत्सव में विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतिस्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कलाभिव्यक्ति समारोह में स्कूल के प्राचार्य अमरकांत मिश्रा, भवानी, शाश्वती कुंडू सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित रहे।

# गुरुघासी दास जयंती समारोह में शामिल हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल

## अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय गोयल और डॉ. उमेश भोई रहे उपस्थित



**नवापारा राजिम (विश्व परिवार)।** समीपस्थ ग्राम कुर्रा मे रविवार को सतनाम पंथ के पथ प्रदर्शक संत बाबा गुरुघासी दास जी की 268 वीं जयंती समारोह का आयोजन हुआ. जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे रायपुर सांसद, पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल शामिल हुए. कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक इंद्रकुमार साहू ने की. वही विशिष्ट अतिथि के रूप मे पूर्व नवापारा पालिका अध्यक्ष विजय गोयल व डॉ. उमेश भोई प्रमुख रूप से उपस्थित थे. समाजिकजनों द्वारा मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया. मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल व विधायक इंद्रकुमार साहू ने सर्वप्रथम बाबा जी के जैतखाम मे पूजा अर्चना की और बलिदानी गुरु बालकदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद लिया. उन्होंने जैतखाम पर माथा टेकते हुए क्षेत्रवासियो के लिए सुख समृद्धि की कामना की.

मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल ने उपस्थित समाजिकजनो को सम्बोधित करते हुए कहाकि बाबा गुरुघासी दास जी के द्वारा बताये मनखे मनखे एक समान के विचार समस्त मानव समाज के लिए सीख हैं.बाबा गुरु घासीदास जी ने समाज को सत्य, समरसता और एकता के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उनके आदर्शों पर चलकर ही हम समाज का उत्थान कर सकते हैं। उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज के विकास के लिए कार्य करना हमारा कर्तव्य है। उनके बताये विचार आज भी जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त करता हैं. उन्होंने इस दौरान अपने कार्यकाल और भाजपा सरकार मे सतनामी समाज के लिए किये गए विकास कार्यों और प्रयासों की बाते भी बताई. समाज की मांग पर टिनशेड हेतु सांसद मद से 10 लाख रूपये देने की घोषणा भी की. वही क्षेत्रीय विधायक इंद्रकुमार ने समाज को नशा सहित अन्य कुरीतियों से दूर रहने और बाबाजी के बताये मार्ग पर चलने की बात कहीं.समाज की ओर से अतिथियों का शॉल, श्रीफल से सम्मान किया गया. वही समाज सहित गाँव के होनहार विद्यार्थियों का सम्मान किया गया. इस दौरान प्रमुख रूप से सरपंच कुर्रा गोवर्धन तारक, पूर्व सरपंच डामेश साहू, नवापारा भाजपा मण्डल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गंगवाल, जिला मंत्री परदेशी राम साहू, जिला पंचायत सदस्य खेमराज कोसले, सरपंच बसंत कोसले, मुकेश ढीढी, पंच जनीराम यादव, गीता बाई गिलहरे, कुलेश्वर घृतलहरे, सहित अन्य उपस्थित थे. आयोजन को सफल बनाने मे कुर्रा सतनामी समाज के वरिष्ठ हृदयराम गिलहरे, राम प्रताप गिलहरे, मनहरण गायकवाड़, गोविंद ओगरे, अध्यक्ष संदीप गिलहरे, गजेंद्र गिलहरे, महेंद्र गिलहरे, कविता गिलहरे, सरिता गिलहरे व धनेश्वरी गिलहरे सहित समस्त समाज का सरहानीय योगदान रहा.

# दिल्ली से गिरनार जी तक राष्ट्रीय स्तर की श्री नेमि गिरनार धर्म पदयात्रा

## राजस्थान से कलिंजरा, नौगामा, बड़ोदिया और बागीदौरा समाज का समर्थन : विश्व जैन संगठन

**22वें जैन तीर्थंकर नेमिनाथ भगवान के 2 जुलाई 2025 को मोक्षकल्याणक पर दिल्ली और अन्य राज्यों से पद यात्री पहुंचेंगे श्री गिरनार**

**प्रथम जैन तीर्थंकर ऋषभदेव भगवान के जन्म कल्याणक पर 23 मार्च दिल्ली से भव्य शुभारंभ**




**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** विश्व जैन संगठन नौगामा और कलिंजरा शाखा के पदाधिकारियों के साथ संगठन के बागीदौरा कार्यालय में रविवार, 22 दिसंबर 2024 की रात्रि को आयोजित विशेष सभा में चार गांवों के सकल दिगम्बर जैन समाज कलिंजरा, नौगामा, बड़ोदिया और बागीदौरा की श्री नेमि गिरनार धर्म पदयात्रा में सहयोग हेतु सभा का आयोजन हुआ, जिसमें सभी समाजों ने विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय जैन के नेतृत्व में संयोजित सकल जैन समाज की दिल्ली से लगभग 1500 किमी की राष्ट्रीय स्तर की प्रथम विशाल धर्म पद यात्रा की सफलता हेतु संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

संगठन के राजस्थान से राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भरत गांधी नौगामा ने कहा कि जैन समाज के लिए 20 जैन तीर्थंकरों की मोक्षभूमि श्री सम्मेद शिखर के समान ही 22वें जैन तीर्थंकर नेमिनाथ मोक्षभूमि श्री गिरनार है और 2 जुलाई 2025 को नेमिनाथ भगवान के मोक्षकल्याणक अवसर पर पूज्य जैन संतों के आशीर्वाद से पहली बार संगठन के संयोजन में 23 मार्च 2024 को प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव भगवान के जन्म तप कल्याणक पर दिल्ली से आरंभ होकर गिरनार जी तक राष्ट्रीय स्तर पर धर्म पद यात्रा के आयोजन में अन्य राज्यों के समान राजस्थान के श्रद्धालु भी भारी संख्या में शामिल होंगें।

भरत गांधी ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन के आह्वाहन का समर्थन करते हुए कहा कि धर्म पदयात्रा का उद्देश्य विभिन्न राज्यों के जैन समाज को जोड़ते हुए यदुवंशी शिरोमणि श्री कृष्ण के चचेरे भाई 22वें जैन तीर्थंकर नेमिनाथ मोक्षस्थल गिरनार जी के दर्शन करना और अहिंसा, पर्यावरण संरक्षण व आपसी भाईचारे का संदेश प्रसारित करना है। उन्होंने राजस्थान व गुजरात पुलिस प्रशासन और केंद्र सरकार से धर्म पद यात्रा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु सहयोग करने की अपील की।

विशेष सभा में विनोद दोसी बागीदौरा, केशुभाई खोड़निया बड़ोदिया, विश्व जैन संगठन शाखा कलिंजरा के अध्यक्ष प्रिंकेश दोसी, नौगामा समाज के कोषाध्यक्ष रमणलाल पिंडारमिया, दानमल गांधी नौगामा, बागीदौरा नवयुवक मंडल अध्यक्ष दीपक दोसी, उपाध्यक्ष विकेश जी व चारों गांवों के प्रतिनिधियों और समाज के अन्य गणमान्यों ने सभा में उपस्थित होकर पूर्ण सहयोग के आश्वासन के साथ अपने विचार प्रस्तुत किए।–**आकाश जैन**

## संक्षिप्त समाचार

### लाखों के ईनामी नक्सली चढ़े सुरक्षाबल के हत्थे

**सुकमा(विश्व परिवार)।** जवानों को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है. तीन इनामी समेत पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है. इनमें 1 महिला नक्सली भी शामिल है. गिरफ्तार एक पुरुष और एक महिला नक्सली पर 2-2 लाख और एक नक्सली पर 1 लाख रुपए का ईनाम घोषित है.थाना चिंतागुफा पुलिस, डीआरजी और 02 री वाहिनी सीआरपीएफ 203 कोबरा वाहिनी ने संयुक्त कार्रवाई की है. सभी गिरफ्तार नक्सली थाना चिंतागुफा क्षेत्र में एक ग्रामीण की हत्या करने की घटना में शामिल थे.जानकारी के मुताबिक, नक्सल विरोधी अभियान के दौरान चिंतागुफा थाना क्षेत्र के दुलेदा गांव के जंगल के करीब सुरक्षाबलों ने मुचाकी हुंगा उर्फ जट्टी, कवासी गंगी, माडवी हिंगा और दो अन्य को गिरफ्तार किया गया है. माडवी मेटागुडा आरपीसी के तहत दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संगठन (डीएकेएमएस) का अध्यक्ष था. वहीं दो अन्य नक्सली निचले स्तर के कैडर के हैं.इधर अंतागढ़ के नयापारा नदी किनारे नक्सलियों ने बैनर पोस्टर लगा कर आरोप लगाया है कि उनके नक्सली लीडर प्रभाकर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. बैनर के माध्यम से कहा है कि 19 दिसंबर को मुखबिर की सूचना पर नाके बंदी कर अंतागढ़ से ही प्रभाकर को गिरफ्तार किया गया है. वहीं सुरक्षित तरीके से प्रभाकर को जल्द से जल्द कोर्ट में पेश करने को कहा है. बता दे कि प्रभाकर 1997 से नक्सल संगठन में सक्रिय था, जिसके सिर पर करीब 25 लाख रुपए का इनाम घोषित है।

### लग्जरी कार वरना से पच्चास किलोग्राम गांजा बरामद

**गिधौरी(विश्व परिवार)।** दिनांक 21.01.2024 को मुखबिर की सूचना पर थाना गिधौरी पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान एक वरना कार में भारी मात्रा में मादक पदार्थ गाजा परिवहन करने की सूचना पर थाना गिधौरी के पुलिस स्टाफ द्वारा घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका गया। इस दौरान आरोपी कार चालक द्वारा कार को ग्राम अमलीडीह पत्थर के ढेर के पास ले जाकर कार को खड़ी कर फरार हो गया था। पुलिस टीम द्वारा कर की विधिवत तलाशी लेने पर, कार में 50 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। कि प्रकरण में थाना गिधौरी पुलिस द्वार अपराध क्रमांक 20/2024 धारा 20 ख एनडीपीएस एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। अपराध कायमी पश्चात थाना गिधौरी पुलिस टीम द्वारा आरोपी कार चालक का लगातार पता तलाश किया जा रहा था। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा आरोपी कार चालक आरोपी कृष्णेन्द्र त्रिपाठी को सतना मध्यप्रदेश से हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने कार 9503 के माध्यम से अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करना स्वीकार किया गया।

### वन विभाग के हत्थे चढ़े पांच शिकारी

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** शिकारियों के खिलाफ चलाए गए अभियान में वन विभाग को बड़ी सफलता मिली है। छत्तीसगढ़ वन विभाग और ओडिशा फॉरेस्ट डिपार्मटमें ने ज्वाइंट ऑपरेशन में पांच तस्करों को दबोचा है। पकड़े गए तस्करों के पास से टीम ने दो नग हाथी दांत बरामद किए हैं। पकड़े गए तस्करों से वन विभाग की टीम पूछताछ कर रही है। वन विभाग को शक है कि पकड़े गए तस्कर जंगली जानवरों के शिकार में भी शामिल हो सकते हैं। तस्करों को उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के अफसर और ओडिशा वन विभाग की टीम के कर्मचारियों ने पकड़ा है। ज्वाइंट ऑपरेशन में टीम ने गरियाबंद से सटे ओडिशा के मुनिगुड़ा रायगड़ा वन परिक्षेत्र में छापेमारी की। तीन वन मंडलों की टीम की कार्रवाई में पांचों तस्कर गिरफ्तार हुए। पकड़े गए लोगों की तलाशी के दौरान उनके पास से हाथी के दांत मिले हैं। बीते दिनों पोटाश बम से गरियाबंद में हाथी की मौत की खबर आई थी। वन विभाग की टीम हाथी मौत के बाद शिकारियों की पड़ताल में जुटी थी। उसी कड़ी में वन विभाग को ये खबर मिली की ओडिशा में हाथी दांत के साथ कुछ शिकारी एक्टिव है। गरियाबंद में पोटाश बम से हुई हाथी के बच्चे की मौत के केस में वन विभाग ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है।

### दो लोगों को तेज रफ्तार वाहन ने कुचला, एक की मौत

**बालोद(विश्व परिवार)।** जिले के पेरपार गांव में आज सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले दो लोगों को अमूल दुग्ध की गाड़ी ने चपेट में ले लिया. दर्दनाक हादस में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. घटना गुरुर थाना क्षेत्र की है. जानकारी के अनुसार, आज सुबह दुग्ध गाड़ी ने दो लोगों को अपनी चपेट में ले लिया है. हादसा कोहरे की वजह से हुआ है. हादसे में 55 वर्षीय उदय राम पटेल की मौत हो गई. वहीं घायल व्यक्ति राजकुमार को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है. पुलिस जांच में जुट गई है।

# छत्तीसगढ़ और ओडिशा में हैं पर्यटन की अपार संभावनाएं - वनमंत्री कश्यप

## वन मंत्री कश्यप भुवनेश्वर में आयोजित टूरिज्म कॉन्क्लेव में हुए शामिल




**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि छत्तीसगढ़ और ओडिशा को भगवान श्री जगन्नाथ के आशीर्वाद से अकूत खनिज संपदा और प्राकृतिक सौंदर्य का उपहार मिला है। दोनों ही राज्यों के पास पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप दोनों ही राज्यों में पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप शनिवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित एक निजी समाचार चैनल के कार्यक्रम 'चलो देखें अपना देश' टूरिज्म कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। वनमंत्री श्री कश्यप ने कॉन्क्लेव में छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यावसायिक रिश्तों को रेखांकित करते हुए कहा कि भगवान श्री जगन्नाथ के आशीर्वाद से ओडिशा और छत्तीसगढ़ राज्य प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण है। दोनों ही राज्यों में अनेक महत्वपूर्ण धार्मिक पर्यटन स्थल हैं और दोनों राज्यों के बीच 'रोटी-बेटी' का रिश्ता भी है। श्री कश्यप ने कहा कि जगन्नाथपुरी में वर्षो से बस्तर बाड़ा है। जहां छत्तीसगढ़ के श्रद्धालु भगवान श्री जगन्नाथ के दर्शन के लिए आते हैं और वहां ठहरते है। उन्होंने कहा कि देश में बहुत से आकर्षक पर्यटन स्थल हैं। इन क्षेत्रों में दोनों की राज्यों में पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने का काम किया जा रहा है। ओडिशा में देश का सबसे खूबसूरत समुद्र तट है, तो छत्तीसगढ़ में बस्तर का दशहरा विश्व प्रसिद्ध है। इन दोनों ही राज्यों के पर्यटन प्रेमी इन स्थानों पर आकर पर्यटन का आनंद ले सकते हैं। गौरतलब है कि यह कार्यक्रम ओडिशा में पर्यटन को प्रोत्साहित करने और स्थानीय स्थलों के महत्व को उजागर करने के उद्देश्य से इस कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में ओडिशा की उप मुख्यमंत्री प्रावती परिदा, विधायक पुरंदर मिश्रा, पद्मश्री उत्सव चरण दास और जेके मोहंती सहित ओडिशा राज्य के पर्यटन विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### तेज रफ्तार कार ट्रक में घुसी, दो भाईयों की मौत

**धमतरी(विश्व परिवार)।** जिले में बीती रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. जिले के भखारा क्षेत्र के कोलियारी मोड़ के पास में एक तेज रफ्तार कार चलती ट्रक में जा घुसी. इस घटना में कार सवार दो भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बड़ी मशक्कत के बाद मृतकों के शव को कार से बाहर निकाला. पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतकों के शव को पीएम के लिए रवाना कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, मृतकों की पहचान धर्मेंद्र साहू (22 वर्ष) और लिकेश साहू (17 वर्ष) के रूप में हुई है, जो बोरझरा के रहने वाले थे. दोनों रायपुर स्थित रिश्तेदार के घर से वापस बोरझरा लौट रहे थे, इसी दौरान वे भखारा में कोलियारी मोड़ के पास ओवरटेक करने के चक्कर में हादसे के शिकार हो गए।

# बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह ने भ्रमण कर ली योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी

**सुशासन सप्ताह, जलजीवन मिशन के कार्यों से हुए अवगत, मेडिकल कॉलेज की बैठक में हुए शामिल**

**कांकेर(विश्व परिवार)।** बस्तर सम्भाग के सम्भागायुक्त डोमन सिंह आज जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने नगर के अलबेलापारा में स्थित कांजी हाउस, संजयनगर वार्ड के गौठान, ग्राम कुलगांव और कोमलपुर में जलजीवन मिशन के तहत योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सम्भागायुक्त श्री सिंह ने जिले के प्रवास के दौरान सबसे पहले नगर के अलबेलापारा वार्ड में स्थित कांजी हाउस का निरीक्षण किया तथा मवेशियों के लिए चारे एवं पानी की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्य नगरपालिका अधिकारी को दिए। इसके पश्चात वे संजयनगर वार्ड स्थित गौठान पहुंचे, जहां पर उन्होंने समुचित एवं मूलभूत व्यवस्था नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की। संभागायुक्त ने कहा कि गली-मोहल्लों और सड़कों पर मवेशी होने से अनेक दुर्घटनाएं होती हैं, जिससे जान-माल की काफी हानि होती है। उन्होने स्पष्ट तौर पर कहा कि आवारा पशु सड़कों पर नहीं, कांजी हाउस और गौठानों में दिखना चाहिए। इसके बाद कमिश्नर मेडिकल कॉलेज नंदनमारा में जाकर वहां आयोजित प्रबंधकारिणी समिति की बैठक में सम्मिलित हुए। इस दौरान कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर भी मौजूद रहे। समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 का मदवार बजट प्रावधान, स्वशासी के आय-व्यय का ब्यौरा सहित विभिन्न एजेन्डों पर चर्चा की गई। बैठक में कमिश्नर ने निर्देशित किया कि संस्था स्तर के कार्यों का वित्तीय अनुमोदन संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा किया जाना चाहिए, जबकि उच्च स्तर के प्रशासकीय एवं वित्तीय अनुमोदन नियमत: उच्चाधिकारी के माध्यम से कराया जाए। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज की डीन ने एजेण्डावार कार्यों की संक्षिप्त जानकारी दी। कांकेर जिला प्रवास के दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने जिला मुख्यालय से लगे ग्राम गढ़पिछवाड़ी में जाकर समूह की महिलाओं से प्रतिक्रिया लेकर उनके कार्य एवं आय के जरिए की जानकारी ली। इस दौरान बिहान के तहत विभिन्न स्वसहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि समूह से जुड़कर किस तरह उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनीं।

# नशामुक्ति एंव पुनर्वास केन्द्र का कलेक्टर ने किया शुभारंभ

**बीजापुर(विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव के मंशानुरुप नशे के लत से युवा पीढ़ी को मुक्त करने और समाज के मुख्य धारा में जुड़कर, परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रत्येक जिले में नशामुक्ति पुनर्वास केन्द्र का स्थापना किए जाने के निर्देश पर बीजापुर जिले में कलेक्टर संबित मिश्रा ने नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल , डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तंबोली, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग कमलेश कुमार पटेल एवं सस्था के संचालक अभिषेक चंदेल सहित वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित थे। कलेक्टर संबित मिश्रा ने नशे के दुष्परिणाम से अवगत कराते हुए कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को नशे से हमेशा दूर रहने के लिए प्रेरित कर अपने आस-पास एवं परिचितों को नशे के दुष्परिणाम के प्रति जागरुक करने की समझाईस दी। इस दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से नशे के दुष्परिणाम पर आधारित शार्ट फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। कलेक्टर ने नशामुक्ति केन्द्र के सभी कक्षों का अवलोकन कर संस्था के संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उक्त केन्द्र में 15 सीटर संस्था वर्तमान में संचालित होगी। संचालन गुण्डाधर सेवा शिक्षण संस्थान के संचालक अभिषेक चंदेल द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में सामाजिक, धार्मिक संस्था के प्रतिनिधिगण, शिक्षक-शिक्षिकाएं एंव स्कूली विद्यार्थीगण भी शामिल हुए।

### कलेक्टर ने तहसील कार्यालय रामचंद्रपुर का किया निरीक्षण



**बलरामपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर राजेंद्र कटारा एवं जिला पंचायत सीईओ रेना जमील ने तहसील कार्यालय रामचन्द्रपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिवक्ता कक्ष, आवक/जावक एवं तहसीलदार न्यायालय कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान विभिन्न शाखा पंजी का अवलोकन किया और अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार न्यायालय में पुराने प्रकरणों की जानकारी लेते हुए समय पर निराकरण करने को कहा। इस दौरान कार्यालय में आए हुए ग्रामीणों से चर्चा भी की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व देवेन्द्र प्रधान, तहसीलदार निशांत सिंह उपस्थित रहे।

# वन मंडल ने जनकल्याण योजनाओं को पहुंचाया आमजन तक

**कोण्डागांव(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कोंडागांव वन मंडल ने 9 से 20 दिसंबर के मध्य विभिन्न वन प्रबंधन समितियों के सहयोग से जन चौपाल और वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। इस आयोजनों में शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी लोगों को दिया गया। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग शासन के योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। यह आयोजन मर्दापाल, बोटीकनेरा, उमरगांव, बोथा, चांगेर, सोनाबाल, गोलावण्ड, बम्हनी, कोपाबेड़ा, गुलभा और काकड़गांव सहित अन्य क्षेत्रों में किया गया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किसानों के बाड़ियों में फलदार पौधे लगाए गए। वन प्रबंधन समिति की नर्सरियों में उपलब्ध पौधों का नि:शुल्क वितरण किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। जन चौपाल में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी साझा की गई। तेन्दूपत्ता संग्राहकों के लिए प्रति मानक बोरा भुगतान राशि को 4 हजार रुपये से बढ़ाकर 5 हजार पांच सौ किया गया है। यह निर्णय संग्राहकों के जीवन में बड़ा बदलाव लाएगा और संग्राहकों की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। किसानों को किसान वृक्ष मित्र योजनाष् के तहत शासन द्वारा 5 एकड़ भूमि पर नि:शुल्क 5 हजार पौधे उपलब्ध कराया जाता है । यह योजना पर्यावरण संरक्षण के साथ किसानों की आय में वृद्धि का भी अच्छा माध्यम है। वन प्रबंधन समितियों के अंतर्गत गठित स्व-सहायता समूहों को 4: ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है। यह राशि व्यक्तिगत आय के लिए रोजगार के संसाधन स्थापित करने के लिए दिया जाता है । वन्यप्राणी से मृत्यु पर 6 लाख रुपये, स्थायी अपंगता पर 2 लाख रूपये, घायल होने पर 59 हजार एक सौ रुपये, पशु हानि पर 30 हजार रुपये और फसल हानि पर 9 हजार रुपये प्रति एकड़ के मान से मुआवजा राशि दी जाती है। शासन द्वारा कोदो, कुटकी, रागी, लाख, शहद और अन्य लघु वनोपज उत्पादों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की गई है। जिससे लघु वनोपज संग्राहकों की आय में वृद्धि हो और उनके जीवन स्तर में सुधार आये। न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृध्दि से संग्राहकों की आय को स्थिर करेगा। अधिक आय मिलने से संग्राहक अपने परिवार की शिक्षा, स्वास्थ्य, और अन्य आवश्यकताओं पर खर्च कर सकेंगे, जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर होगा। बेहतर मूल्य मिलने से संग्राहकों में लघु वनोपज उत्पादन और संग्रहण के प्रति रुचि बढ़ेगी। इससे इन उत्पादों की उपलब्धता भी बढ़ेगी।

# शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने कलेक्टर-सीईओ का सघन दौरा

**स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्र का किया औचक निरीक्षण**



**बलरामपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा एवं जिला पंचायत सीईओ रेना जमील ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने विकासखंड रामचंद्रपुर का सघन दौरा किया। उन्होंने प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, आंगनबाड़ी एवं प्राथमिक व उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिलापंचायत सीईओ विकासखंड रामचन्द्रपुर के ग्राम चिनिया के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला तथा आंगनबाड़ी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित शिक्षकों से स्कूल में पदस्थ शिक्षकों की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने बच्चों की संख्यात्मक जानकारी लेते हुए उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की बात कही। कलेक्टर ने छात्रों से उनके पढ़ाई के सम्बंध में पूछा, इस दौरान बच्चों ने कलेक्टर द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया।पाँचवी की छात्रा सरस्वती ने कलेक्टर को 13 का पहाड़ा भी सुनाया। कलेक्टर ने बच्चों से संवाद करते हुए पूछा कि भविष्य में क्या बनना चाहते है। बच्चो ने बड़े ही सहजता के साथ बताया कि उच्च शिक्षा ग्रहण कर टीचर, डॉक्टर, नर्स बन जनसेवा क्षेत्र में कार्य करना चाहते है। कलेक्टर ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने रसोईघर का भी अवलोकन कर प्रतिदिवस दी जा रही भोजन की जानकारी ली तथा बच्चों को मेनू के आधार पर भोजन देने के निर्देश दिए । कलेक्टर और सीईओ ने परिसर में ही संचालित आगंनबाडी केन्द्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से बच्चों की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने उपस्थिति पंजी का अवलोकन करते हुए कहा कि बच्चें नियमित रूप से आंगनबाड़ी आयें यह सुनिश्चित करें । उन्होंने बच्चों को मिलने वाले नाश्ते और भोजन के बारे में पूछा एवं बच्चों को पोषण आहार देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने गर्भवती माताओं की भी जानकारी ली तथा उन्हें भी नियमित रूप से गर्म एवं पौष्टिक भोजन देने को कहा। कलेक्टर श्री कटारा एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जमील ने विकासखंड रामचंद्रपुर अंतर्गत आरोग्य आयुष्मान मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामचंद्रपुर एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र छतवा का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्टाफ की उपस्थिति, मरीजों की भर्ती, ओपीडी, संस्थागत प्रसव, पंजीयन रजिस्टर, टीकाकरण कक्ष, दवाइयों की उपलब्धता, जांच, उपचार की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने पूरे अस्पताल परिसर का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। इसके साथ उन्होंने भर्ती हुए मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। भर्ती हुए मरीजों ने कलेक्टर को समय पर भोजन एवं डॉक्टरों द्वारा नियत समय में जांच करने की बात बतायी। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री देवेंद्र प्रधान, तहसीलदार मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के मंशानुरूप प्रशासन के द्वारा लोगों को बेहतर शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिले में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार एवं गुणवत्ता हेतु समुचित व्यवस्था पर जोर दिया जा रहा है।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, मंगलवार 24 दिसम्बर 2024



## कलेक्टर ने जनदर्शन के माध्यम से सुनी आम लोगों की समस्याएं

**रायपुर (विश्व परिवार)।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज कलेक्टोरेट परिसर के रेडक्रॉस सोसायटी सभाकक्ष में जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूर-दराज से आम लोगों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर डॉ. सिंह ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान 22 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर एसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# मुख्य अतिथि अनुपम खेर के आतिथ्य में कृष्णा विकास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने अपना वार्षिक समारोह मनाया





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कृष्णा विकास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने अपना वार्षिक समारोह, वाइब्रेंस-2024 मनाया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध अभिनेता और प्रेरक वक्ता श्री पद्मभूषण अनुपम खेर जी थे। कार्यक्रम में संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता, सांस्कृतिक विविधता और समग्र शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला गया।

मुख्य अतिथि श्री पद्म भूषण अनुपम खेर जी ने अध्यक्ष श्री मुरली कृष्ण द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ समारोह का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में चार ट्रस्टी श्रीमती दसारी राम तुलसी, श्री निमेश गाड़ोदिया, श्री अनिल सावड़िया, श्री मनीष अग्रवाल शामिल हुए। ग्रुप निदेशक एसएन पंडा ने अतिथियों का स्वागत किया।

श्री पद्मभूषण अनुपम कुमार जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर देते हुए उनसे फोकस और दृढ़ संकल्प के साथ अपने सपनों को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने उत्कृष्ट विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कार भी प्रदान किये। प्रिंसिपल डॉ. सुकन्या घोष विश्वास, डॉ. चंचल दीप कौर, डॉ. सीमा अग्रवाल और डॉ. डी.एन. देवांगन ने शैक्षणिक उपलब्धियों और नवीन शिक्षण विधियों से लेकर उद्योग सहयोग और बुनियादी ढांचे के विकास तक संस्थान के मील के पत्थर का प्रदर्शन किया।

प्रबंध निदेशक श्री विवेक देसारी ने संस्थान के समुदाय को उनकी कड़ी मेहनत के लिए बधाई दी और अनुसंधान, नवाचार और सामुदायिक जुड़ाव पर केंद्रित भविष्य की पहल की घोषणा की। अध्यक्ष श्री देसारी मुरली कृष्णा ने छात्रों और संकाय के प्रयासों की सराहना करते हुए एक प्रेरक भाषण दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत जीवंत छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य के साथ हुई, जिसके बाद छात्रों और शिक्षकों द्वारा मधुर क्षेत्रीय गीतों की प्रस्तुति दी गई। स्कूल के प्राथमिक अनुभाग ने दिव्य प्रस्तावना, एक शास्त्रीय नृत्य जैसे विषयों के माध्यम से एक भविष्यवादी दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। इसरो की उपलब्धियों का जश्न मनाते हुए भारत के सपनों का गहन आकाश और पंखयुक्त लालित्य, मोर की कृपा से प्रेरित। फार्मेसी, इंजीनियरिंग, वाणिज्य और विज्ञान जैसे विभिन्न विभागों के कॉलेज के छात्रों ने शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, सिनेमा आदि जैसे विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर देशभक्तिपूर्ण प्रदर्शन के साथ शानदार प्रदर्शन किया। छात्रों द्वारा रक्षा श्रद्धांजलि एक असाधारण थी, जिनके सेना-थीम वाले स्टंट ने सम्मानित किया। सशस्त्र बल, खड़े होकर प्रशंसा अर्जित कर रहे हैं।

आपको बता दें कि इस वार्षिक समारोह में कुल 800 छात्र उपस्थित थे और स्कूल और कॉलेज के छात्रों द्वारा 21 कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिससे दर्शक पूरे समारोह में बंधे रहे।कार्यक्रम का समापन केवीजीआई, रायपुर के कार्यकारी निदेशक डॉ. जवाहर सुरीसेटी के धन्यवाद प्रस्ताव और एक अंतिम सांस्कृतिक प्रदर्शन के साथ हुआ, जिससे उपस्थित लोगों को प्रेरणा मिली और उनका मनोरंजन हुआ।

# ट्रांसजेन्डरों की आरडीए में कार्यशाला

## मोदी सरकार ने ट्रांसजेंडर व्यक्ति अधिनियम, 2019 पारित कर किन्नरों को समाज में समानता और सम्मान का अधिकार दिया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** ट्रांजेन्डरों ने आज केन्द्र सरकार व्दारा दिए गए नागरिक अधिकारों, सुरक्षा, भेदभाव दूर करने, शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य की दी गई सुविधाओं की जानकारी के लिए आज रायपुर विकास प्राधिकरण में एक कार्यशाला का आयोजिन किया गया।

नेशनल काउंसलिंग फॉर ट्रांसजेंडर कौंसिल की सदस्य विद्या राजपूत, रवीना बरिहा, पप्पी देवनाथ ने प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों को इस कार्यशाला के दौरान संबोधित किया। महासमुन्द की ट्रांसजेन्डर रवीना बरिहा ने विधि की शिक्षा प्राप्त की है। उन्होनें बताया भगवान श्रीराम के लंका से अयोध्या लौटने के बाद उन्होंने किन्नरों की भक्ति से प्रसन्न हो कर आर्शीवाद दिया, इसी आर्शीवाद के कारण किन्नरों को विशेष शक्तियां प्राप्त हुई और उन्हें समाज में एक खास स्थान मिला। ब्रिट्रिश काल के पूर्व काफी मान सम्मान दिया जाता था। इन्हे किन्नर सहित लगभग 12 नामों से जाना जाता था। लेकिन ब्रिट्रिशकाल में ट्रांसजेन्डरों का बहुत दमन किया गया और उन्हें अपराधी घोषित किया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने सन् 2019 में ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 पारित किया। यह अधिनियम ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को समाज में समानता और सम्मान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह अधिनियम ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को कई महत्वपूर्ण अधिकार प्रदान करता है, इसमें लिंग पहचान का अधिकार, शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवा, भेदभाव के खिलाफ सुरक्षा, पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज प्राप्त करने का अधिकार दिया गया। इस अधिनियम के पारित होने से भारत में ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए एक नया अध्याय शुरू हुआ है।

प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रतीक जैन की पहल पर आयोजित इस कार्यशाला में विद्या राजपूत ने आगे कहा कि इन दिनों ट्रांसजेन्डरों की सामने सबसे बड़ी समस्या आवास की कमी है। इसके लिए रायपुर विकास प्राधिकरण अपनी योजनाओ में किन्नरों को भी आवास और फ्लैट आवंटित कर सकता है। इस पर रायपुर विकास प्राधिकरण की अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती शिम्मी नाहिद ने कहा कि प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में कई संपत्तिया उपलब्ध है उनमें से ट्रांसजेन्डर समुदाय अपनी आवश्यकतानुसार संपत्ति क्रय कर सकता है। संपत्ति क्रय करने के लिए बैंक से ऋण भी लिया जा सकता है। भविष्य में जो आवासीय योजनाएं बनाई जाएगी उनमें छत्तीसगढ़ शासन से अनुरोध कर ट्रांसजेन्डरों के लिए भी आवासीय सुविधाएं विकसित करने का प्रस्ताव भी भेजा जाएगा।

# अखिल भारतीय अंतर रेलवे क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महिला टीम रही विजेता व पुरुष टीम उपविजेता




**बिलासपुर ( विश्व परिवार )।** पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए 55वीं अखिल भारतीय अंतर रेलवे क्रॉस कंट्री (पुरुष एवं महिला) चैंपियनशिप 2024-25 का आयोजन दिनांक 20.12.2024 को गोरखपुर में किया गया, जिसमें में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ के 17 सदस्यीय (14 खिलाड़ी, 02 प्रशिक्षक एवं 01 टीम प्रबंधक) ने हिस्सा लिया।

पुरुष टीम में हरीश, रितेश ओहरे, प्रिंस राज मिश्रा, रवि, दिनेश, बीरेंद्र कुमार और अरविन्द यादव ने भाग लिया तथा महिला टीम कि ओर से शोभा यादव, सुप्रिया, किरण, पूजा, मुन्नी देवी, दीक्षा और पूनम दिनकर सोनुने ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का प्रतिनिधित्व किया। श्री श्रीकांत पाढ़ी, मुख्य प्रशिक्षक एवं श्री परमेश्वर भगत सहायक प्रशिक्षक के रूप में तथा श्रीमती आरती टीम प्रबंधक रहीं।

इस 55वीं अखिल भारतीय अंतर रेलवे क्रॉस कंट्री (पुरुष एवं महिला) चैंपियनशिप 2024-25 में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महिला टीम विजेता व पुरुष टीम उपविजेता रही साथ संयुक्त रूप से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की टीम समग्र विजेता रही। यह भी उल्लेख है कि पिछले वर्ष 2023-24 में पुरुष टीम विजेता रही थी, और पिछले लगातार 3 वर्षों से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महिला टीम लगातार विजेता रही है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की रेलवे क्रॉस कंट्री (पुरुष एवं महिला) चैंपियनशिप की 55वीं अखिल भारतीय अंतर रेलवे प्रतियोगिता में उनके शानदार प्रदर्शन एवं उपलब्धि पर महाप्रबंधक सुश्री नीनु इटियेरा द्वारा बधाई दी गई है तथा भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने 4 नगरीय निकायों में 14.34 करोड़ रुपए के कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने आरंग में चार नगरीय निकायों में 14 करोड़ 34 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने आरंग नगर पालिका में तीन करोड़ दस लाख रुपए के 13, मंदिरहसौद नगर पालिका में 50 लाख 44 हजार रुपए के छह, चंदखुरी नगर पंचायत में दो करोड़ आठ लाख रुपए के सात और समोदा नगर पंचायत में 49 लाख 18 हजार रुपए के एक कार्य का लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री साव ने आरंग नगर पालिका में दो करोड़ 74 लाख रुपए के 26, मंदिरहसौद नगर पालिका में दो करोड़ 55 लाख 47 हजार रुपए के 37, चंदखुरी नगर पंचायत में एक करोड़ 76 लाख रुपए के दस और समोदा नगर पंचायत में एक करोड़ 12 लाख रुपए के 15 कार्यों का भूमिपूजन भी किया। अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं आरंग के विधायक गुरु खुशवंत साहेब और लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल भी लोकार्पण-भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में मोदी की गारंटी और सुशासन लेकर आई है। आरंग क्षेत्र के साथ ही पूरे प्रदेश में आज विकास की गंगा बह रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास और किसानों के हित में राज्य शासन द्वारा किए जा रहे प्रमुख कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले एक वर्ष में आरंग विकासखंड के चार नगरीय निकायों चंदखुरी, समोदा, आरंग और मंदिरहसौद में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा कुल 174 करोड़ 72 लाख रुपए के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। क्षेत्र में विकास के ये कार्य आगे भी जारी रहेंगे।

# मण्डल रेल प्रबंधक संजीव कुमार की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति रायपुर की 67वीं बैठक संपन्न




### रायपुर को मध्य क्षेत्र के छत्तीसगढ़ तथा मध्यप्रदेश राज्यों में स्थित कुल 57 नराकास में से नराकास राजभाषा सम्मान का तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर की 67वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान रेलवे बोर्ड द्वारा जारी मानक कार्यसूची के अनुसार जुलाई ङ्क सितंबर 2024 अवधि की मंडल पर हुई राजभाषा प्रगति की समीक्षा की गई।

अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री बजरंग अग्रवाल ने मंडल रेल प्रबंधक महोदय को बधाई देते हुए कहा कि उनकी अध्यक्षता में कुशलतापूर्वक संचालित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर को गृह मंत्रालय, भारत सरकार का राजभाषा सम्मान प्राप्त हुआ है। 'क' क्षेत्र होने के कारण हमें अपने कार्यालयों में शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में करना चाहिए। आज कई प्रकार के साधन उपलब्ध हैं जिनसे टायपिंग, अनुवाद आदि आसानी से किए जा सकते हैं। अत: आप सभी अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करें ताकि रायपुर मंडल राजभाषा के प्रयोग-प्रसार में भी सदैव आगे बना रहे।

मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि नराकास, रायपुर को मध्य क्षेत्र के छत्तीसगढ़ तथा मध्यप्रदेश राज्यों में स्थित कुल 57 नराकास में से नराकास राजभाषा सम्मान का तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है, इसके लिए आप सभी भी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उपलब्धियों का यह क्रम निरंतर बना रहेगा। उन्होंने राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार के लिए ई-टूल्स आदि विभिन्न संचार साधनों का उपयोग करने का निदेश दिया। राजभाषा हिंदी का प्रयोग-प्रसार एक संवैधानिक कर्तव्य है जिसका अनुपालन करना केंद्र सरकार के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए अनिवार्य है। इसी आधार पर रायपुर मंडल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक प्रत्येक तिमाही नियमित रूप से आयोजित की जाती है। हम राजभाषा हिंदी के लिए निर्धारित लक्ष्यों पूरा करने की दिशा में प्रयासरत हैं। तथापि हमें संतुष्ट नहीं होना है तथा पूरी गंभीरता एवं लगन से राजभाषा संबंधी कार्यों को निष्पादित करना है। उन्होंने आशा व्यक्त कि मंडल के सभी अधिकारी हिंदी के प्रचार-प्रसार में ऐसे ही तत्पर रहेंगे तथा अपने अधीनस्थों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। बैठक का संचालन राजभाषा अधिकारी श्री निकेश कुमार पाण्डेय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर एम्स में शुरू हुआ पद्म विभूषण तीजन बाई का इलाज



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ की पहचान और देश के दूसरे सर्वोच्च सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित श्रीमती तीजन बाई का एम्स में इलाज शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तीजन बाई की बीमारी की जानकारी मिलते ही उनके समुचित और बेहतर इलाज की व्यवस्था करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तीजन बाई के स्वास्थ्य की जानकारी लेने उनसे मिलने भी पहुंचे थे और पांच लाख रूपए की आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करायी थी। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया था कि तीजन बाई के लिए घर में ही मोटराइज्ड रिमोट कंट्रोल आटोमेटिक बेड, बेड टेबल और व्हील चेयर उपलब्ध कराया जाए। निर्देशों का पालन करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने तीजन बाई के लिए ये आवश्यक सामान उपलब्ध करा दिया है। इसके साथ ही एक मेडिकल आफिसर और एक फिजियोथिरेपिस्ट को भी तीजन बाई की देखरेख के लिए नियुक्त किया गया है। डाक्टरों की टीम दिन में एक बार उनके घर में ही उनकी स्वास्थ्य जांच करके मेडिकल रिपोर्ट तैयार करती है।

उल्लेखनीय है कि पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित श्रीमती तीजन बाई ने पंडवानी के माध्यम से छत्तीसगढ़ का नाम देश विदेश में रोशन किया है। तीजन बाई वास्तव में छत्तीसगढ़ की पहचान हैं। इस लिहाज से राज्य सरकार भी तीजन बाई की देखरेख में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। खुद मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय तीजन बाई के स्वास्थ्य की जानकारी लेते रहते हैं और अपने प्रतिनिधि के रूप मे उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल को तीजन बाई की देखरेख करने की पूरी जिम्मेदारी दी है।

## राजकुमार कॉलेज के 129वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

# त्रावणकोर की राजकुमारी, पद्मश्री अश्वथीतिरुनाल गौरी लक्ष्मी बाई की गरिमामयी उपस्थिति



**रायपुर (विश्व परिवार)।** अपनी परंपरा के अनुसार, राजकुमार कॉलेज, रायपुर ने 129वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह बड़े उत्साह और गरिमा के साथ स्कूल परिसर के जशपुर हॉल में आयोजित किया। श्रद्धायुक्त वातावरण में कार्यक्रम की शुरुआत पंच देव मंदिर में प्रार्थना के साथ हुई। मुख्य अतिथि, त्रावणकोर की राजकुमारी, पद्मश्री अश्वथीतिरुनाल गौरी लक्ष्मी बाईनेअपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। वे एक प्रख्यात लेखिका औरइतिहासकार होने के साथ-ही-साथ भारतीय धरोहर और परंपराओं में गहरी अंतर्दृष्टि के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने केरल के समृद्ध इतिहास को संरक्षित करने के लिए कई उत्कृष्ट लेखन कार्य किए हैं। वे त्रावणकोर के शाही परिवार की सदस्य हैं और पद्मश्री जैसे भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित हैं। वे अपनी बुद्धिमता, गरिमा और भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध करने की अटूट प्रतिबद्धता के साथ सबको प्रेरणा प्रदान करती हैं।

राजकुमार कॉलेज सोसाइटी के सदस्यों से औपचारिक परिचय के बाद, मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण समारोह में भाग लिया और एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्राप्त किया। इसके बाद गणमान्य व्यक्ति मुख्य कार्यक्रम के लिए जशपुर हॉल गए।औपचारिक कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल गान से हुई, जिसके बाद गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छों से स्वागत किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत वाद्य वृंद केमनमोहक प्रदर्शन ने कार्यक्रम को जीवंत कर दिया।

राजकुमार कॉलेज के प्राचार्य, कर्नल अविनाश सिंह ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें पिछले वर्ष की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम का महत्वपूर्ण क्षण पुरस्कार वितरण का रहा, जिसमें मुख्य अतिथि राजकुमारी अश्वथीतिरुनाल गौरी लक्ष्मी बाई (पद्मश्री सम्मानित) ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने इस निमंत्रण के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इसके बाद राष्ट्रगान और आईएससी 2025 बैच तथा मुख्य अतिथि के साथ एक फोटोग्राफी सत्र आयोजित किया गया।वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह को और भी विशेष बनाने के लिए, मुख्य अतिथि ने 'कला और शिल्प' प्रदर्शनी का उद्घाटन किया, जिसमें छात्रों की कलात्मक प्रतिभा और रचनात्मकता को प्रदर्शित किया गया।संध्याकालीन कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम, एरोबिक्स, विभिन्न ड्रिल, घुड़सवारी आदि को सबने सराहा। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियों की उपस्थित दर्शकों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। राजकुमार कॉलेज सोसाइटी के सदस्यों, विशिष्ट अतिथियों, विद्यार्थियों, उनके परिजनों, पूर्व छात्रों और अन्य गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से विद्यालय के वार्षिक कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# एनआईटी रायपुर और यूनिसेफ रायपुर संयुक्त रूप से जल गुणवत्ता और जल परीक्षण प्रयोग शालाओं की एनएबीएल मान्यता पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यक्रम का किया जा रहा है आयोजन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर और यूनिसेफ रायपुर संयुक्त रूप से 23-24 दिसंबर, 2024 को जल गुणवत्ता और जल परीक्षण प्रयोगशालाओं की एनएबीएल मान्यता पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान, निमोरा में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रयोगशाला क्षमताओं को मजबूत करके और आईएसओ/आईईसी 17025:2017 मानकों के साथ प्रथाओं को संरेखित करके जल जीवन मिशन के तहत जल गुणवत्ता मानकों को बढ़ाना है।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन श्री मोहम्मद कैसर अब्दुल हक, आईएएस, सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचईडी), छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्य अतिथि के रूप में किया और श्री सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे, आईएएस, मिशन निदेशक, जल जीवन मिशन ने विशिष्ट अतिथि के रूप में किया। दोनों ने ग्रामीण परिवारों के लिए सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करने में विश्वसनीय जल गुणवत्ता निगरानी प्रणालियों के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस कार्यक्रम में एनएबीएल मान्यता प्रक्रिया, प्रयोगशाला सेटअप और अंशांकन, माइक्रोबायोलॉजिकल जल परीक्षण तकनीक और गुणवत्ता आश्वासन पर विशेषज्ञों के नेतृत्व वाले सत्र शामिल हैं। प्रतिष्ठित वक्ताओं में श्री मोहम्मद इश्फाक, आईएएस (सेवानिवृत्त), सलाहकार, एसपीएम-निवास; सुश्री सुगंधा गांगुली, जल गुणवत्ता विशेषज्ञ, एसपीएम-निवास; डॉ. भावना त्रिवेदी, जल गुणवत्ता विशेषज्ञ, एसपीएम-निवास; और सुश्री स्वेता पटनायक, वाश और जलवायु विशेषज्ञ, यूनिसेफ छत्तीसगढ़ शामिल हैं। ये सत्र प्रतिभागियों को प्रयोगशाला संचालन को आधुनिक बनाने और एनएबीएल मान्यता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

यह कार्यक्रम सुश्री स्वेता पटनायक (यूनिसेफ छत्तीसगढ़), डॉ. गोवर्धन भट (राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर), और डॉ. चंदन कुमार सिंह (राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर) के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। उनके सहयोगात्मक प्रयास छत्तीसगढ़ में जल गुणवत्ता परीक्षण के बुनियादी ढांचे और क्षमता को आगे बढ़ाने के लिए एनआईटी रायपुर और यूनिसेफ की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354